ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 02 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
22 जून 2024 शनिवार

आज का मौसम
34 अधिकतम
26 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## ट्रेन चालक का जज्बा..



हाल में रेल दुर्घटनाओं की खबरों व चिंताओं के बीच बिहार के समस्तीपुर में एक लोको पायलट का साहस सामने आया है। प्रेशर लीकेज की वजह से ट्रेन बीच पुल पर रुक गई। इसके बाद लोको पायलट ने जान जोखिम में डालकर समस्या सुलझाई। उसने ट्रेन के नीचे पुल पर रेंगकर इंजन के प्रेशर लीकेज को ठीक किया, तब कहीं ट्रेन आगे बढ़ी। इस मामले का वीडियो सामने आया है और डीआरएम ने दोनों चालकों को पुरस्कार देने की घोषणा की है। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर लीकेज हो रहा था, वहां तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं था, इसलिए लोको पायलट और सहायक लोको पायलट जान जोखिम में डालकर ट्रेन के नीचे रेंगते हुए लीकेज ठीक करने पहुंचे।

## 15 दिन में दूसरी बार भारत पहुंची शेख हसीना, पीएम मोदी से मिलीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने दो दिवसीय दौरे पर आज भारत पहुंचीं। यहां राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया। इस दौरान शेख हसीना और पीएम मोदी ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में एक-दूसरे देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधियों से मुलाकात की। आज मोदी और शेख हसीना के बीच द्विपक्षीय बैठक हो रही है। इसमें दोनों देशों के बीच सहयोग के लिए कई समझौते होंगे। शेख हसीना अगले माह चीन के दौरे पर भी रहेंगी। ऐसे में इस दौरे से पहले उनकी भारत यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। एक ही माह में उनकी यह दूसरी भारत यात्रा है। इससे



पहले वे मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुई थीं।

## आधी रात अधिसूचना, पेपर लीक पर जेल व भारी जुर्माना

# गुस्से में छात्र, नया कानून नीट की ताजा गड़बड़ी पर लागू नहीं होगा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

हाल में नीट यूजी और यूजीसी नेट पेपर लीक होने के बाद छात्र भारी गुस्से में हैं। जगह जगह विरोध प्रदर्शन जारी हैं। सरकारी तंत्र पर लगातार खडे हो रहे सवालों के बीच अब सरकार ने पेपर लीक को लेकर नया कानून लागू कर दिया है। जिसमें एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। सरकार ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 यानी केंद्रीय भर्ती और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षाओं के लिए पेपर लीक विरोधी कानून लाया है। कार्मिक मंत्रालय ने इसका गजट नोटिफिकेशन जारी किया। कानून के तहत अधिकतम दस साल की जेल और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यह कानून 21 जून से लागू हो गया है। इस कानून का उद्देश्य सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं और गड़बड़ियों को रोकना है। इसके साथ ही इसमें फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ भी सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है।




### इसलिए नीट गड़बड़ी कानून के दायरे में नहीं!

खास बात यह है कि इस नए सख्त कानून से हाल में नीट और नेट, दोनों ही परीक्षाओं में धांधली करवाने वालों पर शिकंजा नहीं कस सकेगा। धांधली पकड़ में आने के बाद 19 जून को हुई यूजीसी-नेट की परीक्षा रद्द कर दी गई है। सरकार ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है। चूंकि सरकार ने अपने नोटिफिकेशन में स्पष्ट कर दिया है कि 'केंद्र सरकार 21 जून, 2024 को उस तारीख के रूप में नियुक्त करती है जिस दिन उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे', इसलिए उससे पहले के मामलों पर यह कानून लागू नहीं हो सकता। दरअसल, संवैधानिक और कानूनी व्यवस्था कहती है कि कोई भी कानून पिछली तारीख से लागू नहीं किया जा सकता है।

### आप अकेले नहीं हो, हम साथ लड़ेंगे: राहुल

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस केंद्र सरकार पर हमलावर है। महासचिव प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी की वीडियो को आज सोशल मीडिया पर शेयर किया है, उन्होंने नीट अभ्यार्थियों की इस लड़ाई में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया है। ट्वीट में प्रियंका ने कहा कि पिछले 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है। वहीं राहुल गांधी ने कहा है कि 2 करोड़ युवाओं को पेपर लीक से नुकसान हुआ है, आप अकेले नहीं हो। एक साथ हम ये लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे।



### मास्टरमाइंड की तलाश

नीट पेपर लीक केस में बिहार पुलिस की टीम अब मास्टरमाइंड की तलाश कर रही है। पुलिस का दावा है कि सिपाही भर्ती, शिक्षक भर्ती और नीट पेपर लीक केस के तार आपस में जुड़े हैं। सूत्रों की मानें तो एनटीए ने इस जांच रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला लेगा कि परीक्षा रद्द करना है या नहीं। वहीं पुलिस ने जला हुआ प्रश्नपत्र और बुकलेट नंबर 6136488 बरामद किया। दावा है कि यह बुकलेट हजारीबाग के एक सेंटर का है। अब तक की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि नूरसराय महाविद्यालय का कर्मी संजीव मुखिया ही पेपर लीक करने वाले गिरोह का सरगना है। संजीव की तलाश भी तेज है। आरोप है कि संजीव को एक प्रोफेसर ने वाट्सएप पर प्रश्नपत्र भेजा था।

## अब अंबानी की डीपफेक वीडियो के जरिए डॉक्टर से धोखाधड़ी

### शेयर मार्केट घोटाले में गंवाए सात लाख



**मुंबई, एजेंसी।**

भारत के दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी के डीपफेक वीडियो की मदद से एक डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। यह मामला मुंबई का है, जहां एक डॉक्टर को मुकेश अंबानी के डीपफेक वीडियो की मदद से ऊंचे रिटर्न पाने के लिए शेयर मार्केट में निवेश का लालच दिया गया और इस धोखाधड़ी में डॉक्टर ने सात लाख रुपये गंवा दिए। दरअसल, अंधेरी में रहने वाली आयुर्वेदिक डॉक्टर केके एच पाटिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो देखा। इस वीडियो में डीपफेक तकनीक की मदद से मुकेश अंबानी को दिखाया गया। वीडियो में राजीव शर्मा ट्रेड ग्रुप नाम की कंपनी की शाखा बीसीएफ इनवेस्टमेंट एकेडमी की मदद से शेयरों में निवेश पर ऊंचे रिटर्न का दावा किया गया था। वीडियो को देखकर डॉ. पाटिल प्रभावित हो गईं और उन्होंने बताई गई कंपनी से संपर्क किया। जिसके बाद महिला डॉक्टर ने अप्रैल में विभिन्न 16 बैंक खातों में 7.1 लाख रुपये जमा कराए गए। बदले में डॉक्टर को 30 लाख रुपये देने का लालच दिया गया, लेकिन जब डॉक्टर ने पैसे वापस लेने चाहे तो उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत की।

## इंदौर भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने निवास पर वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। वे आज भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा भी कर रहे हैं। इसमें बताया गया कि भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट में अब सुभाष नगर से करोंद तक काम शुरू होगा। प्रोजेक्ट 2027 तक व इंदौर में 2025 तक पूरा होगा।

## बालाघाट से भोपाल.. मॉनसून ऑन द वे

**भोपाल।** मप्र में कई इलाकों में मॉनसून और बाकी में प्री मानसून गतिविधियां तेजी से जारी हैं। भोपाल इंदौर जबलपुर संभागों में बारिश का दौर है। यहां 25 जून तक मानसून सक्रिय होने के आसार हैं। इससे पहले कल मानसून ने बालाघाट के रास्ते आमद दर्ज करा दी है और इसके असर से डिंडौरी, अनूपपुर, पांढर्ना में बारिश हुई है। मानसून की गति और दिशा अभी सही बनी हुई है। इधर भोपाल में ही प्री मानसून की करीब आठ इंच बारिश हो चुकी है। उधर डिंडौरी में तेज बारिश के दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला सहित उसके दो बच्चों की मौत होने की घटना सामने आई है। भोपाल में अगले तीन दिन तक तेज बारिश का अलर्ट है। माना जा रहा है कि कई स्थानों पर गरजचमक के साथ बारिश होगी। शाजापुर व राजगढ़ में भी आज तेज बारिश का अलर्ट है। जबकि ग्वालियर के आसपास के इलाकों में तेज गर्मी रहेगी। वहीं 25 जून तक भोपाल इंदौर में मानसून की आमद हो जाएगी।



## महाराष्ट्र में अब अकेले हम, अकेले तुम की तर्ज पर पवार

**मुंबई एजेंसी।** महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार ने एमवीए में सीट शेयरिंग को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी इस बार समझौता नहीं करेगी। एक नेता ने अपने सुप्रीमो पवार के हवाले से कहा- राकांपा लोकसभा चुनावों के दौरान अपने महाविकास अघाड़ी सहयोगियों की तुलना में कम सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमत हुई, लेकिन विधानसभा चुनाव में स्थिति अलग होगी। खबरों के मुताबिक, शरद पवार ने एक बैठक के दौरान पदाधिकारियों को कहा है कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कम सीटों पर इसलिए चुनाव लड़ा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के साथ गठबंधन बरकरार रहे।



### मेट्रो एंकर

## तीसरे नंबर पर देश, बावजूद लैंगिक असमानता की चुनौती बाकी

# आधी आबादी: भारत में महिला शोधकर्ता बढ़ीं, जापान और मिस्र को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत में महिला शोधकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और इस वृद्धि में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है। बावजूद, शोध क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर लैंगिक असमानता के चलते पुरुषों के मुकाबले अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वैज्ञानिक सूचना प्रसारक एल्सेवियर ने 'शोध और नवाचार में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति - 2024 की समीक्षा' रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। एल्सेवियर इंडिया में अनुसंधान एवं शैक्षणिक मामलों के उपाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप संचेती के मुताबिक, भारत में महिला शोधकर्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि लैंगिक समानता के लिए चल रहे प्रयासों को उजागर करती है और यह वास्तव में उत्साहजनक है। उनका कहना है कि हालांकि, हमने अधिक समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं।



### पेटेंट में पीछे है आधी आबादी

रिपोर्ट बताती है कि महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बहुत कम पेटेंट आवेदन भी दायर किए हैं। साल 2022 तक किए पेटेंट आवेदनों में से तीन-चौथाई या तो अकेले पुरुषों ने या केवल पुरुषों वाली टीमों ने दायर किए गए हैं। लगभग सभी पेटेंट दाखिल करने वाली टीमों (97 प्रतिशत) में कम से कम एक पुरुष है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर काम करने वाले सक्रिय शोधकर्ताओं में महिलाओं की संख्या सबसे अधिक है। वैश्विक स्तर पर जटिल चुनौतियों को हल करने के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले बहु-विषयक शोध में पुरुषों के मुकाबले में महिलाओं की संख्या थोड़ी अधिक है।

### भारत में 10 वर्षों में 2 फीसदी वार्षिक दर से बढ़ी संख्या

*भारत में पिछले 10 वर्षों में सक्रिय महिला शोधकर्ताओं की संख्या प्रति वर्ष 2 फीसदी की दर से बढ़ रही है। इस अवधि के दौरान केवल मिस्र और नीदरलैंड्स में महिला शोधकर्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गई है। स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में भारत में 2022 में शोधकर्ताओं की संख्या में पुरुषों और महिलाओं की संख्या लगभग समान हो गई। सभी सक्रिय शोधकर्ताओं में से 41 प्रतिशत महिलाएं थीं। यह 40-60 प्रतिशत के बीच का संतुलन या लिंग समानता के तौर पर माना जाता है। वहीं, जीवन विज्ञान के शोध क्षेत्र में लैंगिक समानता 2021 में हासिल कर ली गई थी।*

## नायडू का बुल्डोजर वायएसआर कांग्रेस के दफ्तर पर चला



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद चौथी बार मुख्यमंत्री बने टीडीपी चीफ एन चंद्रबाबू नायडू पर बदले की राजनीति का आरोप लगा है। अभी तक सत्ता में रही वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने इसेलेकर हाईकोर्ट का रुख किया है। इस बीच आज ताडेपल्ली में वाईएसआरसीपी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को सुबह-सुबह ध्वस्त किए जाने के बाद राज्य की राजनीति गरमा गई है। वाईएसआर कांग्रेस ने टीडीपी पर प्रतिशोध की राजनीति का आरोप लगाया है। इससे पहले 15 जून को हैदराबाद महानगर निगम (जीएचएमसी) ने वाई एस जगन मोहन रेड्डी के लोटस पॉन्ड आवास से लगे फुटपाथ पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

## नीम का 30वां बर्थ-डे मना

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे व्यापारी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए तीस वर्ष पहले भेल आदर्श मार्केट में व्यापरियों ने जो नीम का पौधा लगाया था आज वह वृक्ष बन चुका है। इसी नीम के पेड़ का जन्मदिन मनाया गया। 30वें जन्मदिन पर केक काटकर खुशी मनाई गई। सभी ने एक-दूसरे को केक व मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौकेपर पर्यावरण सरंक्षण के लिए एक-एक पौधा लगाने के लिए भेल के वर्तमान, सेवानिवृत कर्मचारियों-अधिकारियों व मार्केट के दुकानदारों ने लोगों को संकल्प दिलाया। इससे पहले नीम के पेड़ के आसपास साज-सज्जा की गई। कार्यक्रम में समाज के निर्धन वर्ग की आजीविका के लिए गांधीवादी प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए सम्राट अशोक इंजीनियरिंग कालेज के पूर्व संचालक डा. जेएस चौहान को सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि भेल आदर्श मार्केट के व्यापारियों ने मिलकर 21 जून 1995 को नीम का पौधा लगाया था, जो अब विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है। तबसे ही व्यापारी इस नीम के पेड़ का हर वर्ष केक काटकर जन्मदिन मनाते आ रहे हैं। इस बार भी धूमधाम से नीम के पेड़ का जन्मदिन मनाया गया।

व्यापारियों ने कहा कि नीम के पेड़ का बर्थडे मनाने के पीछे हमारा मकसद लोगों को यह संदेश देना है कि पेड़ों से प्यार करें। उन्हें काटें नहीं। हर वर्ष बड़े स्तर पर पौधे लगाएं और उन्हें बच्चों की तरह पालें। हरियाली है तो जीवन है।

## बिजली कंपनी का नेटवर्क कई स्तर पर कमजोर

# बारिश शुरू हुई तो गुल होने लगी बिजली, शिकायतें दो गुना बढ़ीं

### बिजली गुल होने की सामूहिक और व्यक्तिगत दोनों तरह की शिकायतें बढ़ीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बारिश शुरू होते ही राजधानी भोपाल में बिजली गुल होने की शिकायतें दो गुनी हो गई। शहर के कई क्षेत्रों में थोक में बिजली बंद हो रही है तो कुछ सिंगल घरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। कंपनी के पास दोनों तरह के आंकड़ें रोज पहुंच रहे है। हालांकि कंपनी की ओर से कोई भी अधिकारी यह बात स्वीकार करने के लिए राजी नहीं है तो वहीं मैदानी अमले की जान जोखिम में पड़ी हुई, क्योंकि अमला पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण मैदान में काम करने वाले अमले को एक ही समय में ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने का दबाव अधिक है।

### आगे और खराब होगी स्थिति



बीते वर्षों के अनुभवों के आधार पर उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि कंपनी की व्यवस्था इसी तरह लचर रही तो आने वाले एक सप्ताह में जब तेज बारिश और तूफान की स्थिति बनेगी तब बिजली गुल होने की शिकायतें और बढ़ेंगी और आपूर्ति बहाल करने के समय में विलंब होगा। ये स्थितियां पिछले बार भी बनी थी, बरखेड़ा पठानी, कटारा हिल्स, सूरज नगर, पुराने भोपाल क्षेत्र में बिजली दो से 12 घंटे तक कई घरों व क्षेत्रों में गायब थी। यही स्थिति अब निर्मित होनी तय है।

### यहां कमजोर है बिजली कंपनी का नेटवर्क

- उपभोक्ताओं के मुताबिक तार खुले हैं, भोपाल में हरियाली है, वहीं से तार खींचे हैं, पेड़ों के टूटने के कारण तार को नुकसान होना तय है। ऐसे में बिजली आपूर्ति प्रभावित होंगी।
- बिजली पोलों पर कंपनी के अधिकारियों ने कमाई करने के चलते निजी केबलों का बोझ बढ़वा दिया है। कई स्थानों पर तो पोल विज्ञापनों से पाट दिए गए हैं। यह स्थिति काफी खतरनाक होती है क्योंकि तूफान की स्थिति में ऐसे पोल झुक जाते हैं या गिर जाते हैं। जिसके कारण आपूर्ति बंद होती है।

### उर्जा मंत्री बोले– आपूर्ति पर रहे पूरा जोर

इधर उर्जा मंत्री प्रदूम्न सिंह तोमर ने तीनों वितरण कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि बारिश हो या तूफान, उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसके लिए अभी से व्यवस्था कड़ी कर लें।



# पाइप लाइन शिफ्टिंग के चलते ९० इलाकों के नल बंद

### कल से शुरू हो सकेगी जलापूर्ति

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



नए शहर के जीजी फ्लाय ओवर ( गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक ) के लिए 900 मिमी व्यास की कोलार पाइप लाइन को शिफ्ट करने के लिये निगम अमला कल से जुटा हुआ है। यह काम आज देर रात तक पूरा होने केआसार हैं। इसके चलते 90 क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं की जा रही है।

निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन ने इस काम का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कोलार जलप्रदाय परियोजना की मुख्य पाईप लाईन के 290 मीटर भाग के शिफ्टिंग कार्य को नियत अवधि में शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। ताकि प्रभावित क्षेत्रों में नियमित जलप्रदाय प्रारंभ किया जा सके।

इस काम के चलते छोटी मस्जिद के पास वाली गलियों में, निशातपुरा क्षेत्र, न्यू आरिफ नगर, बाग नुजहत अफ्जा, राम मंदिर क्षेत्र, हमीदिया रोड, छावनी, पटेल नगर, संगम टॉकीज, गुरूबक्श की तलैया, बाल विहार, मेडिकल स्ट्रीट, गुजरात कोल्ड्रिंग्स, खजूर वाली गली, शांतिनगर,इब्राहिमगंज, कबाखाना, छोला विश्रामघाट, सपना लाज क्षेत्र, जेपी नगर, पिंजोमल धर्मशाला, चौकसे नगर, रंभा नगर, अली अजीज की मस्जिद, काजी कैम्प रोड, से लेकर इंद्रानगर चौकी, सलूजा अस्पताल सहित अन्य क्षेत्र में जलप्रदाय नहीं किया जा रहा है।






भोपाल। एयरपोर्ट रोड स्थित सागर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के लिए CII MP इंस्पायर अवॉर्ड 2024 के कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महापौर मालती राय उपस्थित रही और पुरस्कार वितरण किए।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

### निरोगी रहने का मूल मंत्र है रोज करो योग

# योग विशेषज्ञों के साथ लोगों ने किया अनुलोम-विलोम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संतनगर के स्कूलों में जहां बच्चों ने योगाभ्यास किया, वहीं विभिन्न मिशनों से जुड़े साधकों ने प्राणायाम, ध्यान और योग किया। योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

**संबोधि में योगाभ्यास:** वन ट्री हिल्स टैंपल ऑफ संबोधि में योग दिवस पर योग विशेषज्ञ एवं वेदांत विचारक लाल साईं ने साधकों को योग कराया। उन्होंने कहा, जीवन में रोग के लिए बहुत हद तक हम खुद जिम्मेदार होते हैं। खान-पान और दिनचर्या में स्वानुशासन निरोगी रहने की गारंटी है। नियमित दिन की शुरूआत योग से कीजिए, ध्यान को जीवन का हिस्सा बनाइए। योग स्वस्थ रहने के लिए भारत की प्राचीन पद्धति है, जो वैज्ञानिक है, आज दुनिया योग का लोहा मान रही है। इस अवसर पर संतनगर के संबोधि से जुड़े साधक-साधिकाओं ने योग किया।



निरंकारी

**निरंकारियों ने किया योग:** संत निरंकारी मंडल के भोपाल जोन की सभी ब्रांचों में योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया गया। जोनल इंचार्ज एवं ब्रांच संयोजक अशोक जुनेजा ने कहा कि योग से निरोगी रहा जा सकता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीया जा सकता है। भोपाल में ब्रांच संयोजक महात्मा की मौजूदगी में योगाभ्यास कराया गया। बैरागढ़ में संयोजक महेश वीधानी ने योगाभ्यास कराया। जोन की सभी ब्रांचों में सामूहिक रूप से योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं जैसे बैठकर, पीठ के बल लेटकर, पेट के बल लेटकर, खड़े होकर किए जाने वाले आसन किए गए।



टैंपल ऑफ संबोधि

### छात्राओं ने किया योगाभ्यास

नवनिध पब्लिक स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर छात्राओं ने योग किया। विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कहा कि योग के कई दूरगामी लाभ हैं। नियमित अभ्यास से शारीरिक शक्ति, लचीलापन और संतुलन में सुधार होता है। योग शिक्षिका रितु मालवीय के शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने योग अभ्यास एवं सूर्य नमस्कार कराया।

### योगा करें दवाइयों से बचेंगे

संस्कार पब्लिक स्कूल में संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी एवं सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि हमें अपने जीवन की दिनचर्या में योगा को शामिल करना चाहिए र हम हमेशा बीमारियों से बचे रहेंगे। योग, सूर्य नमस्कार जीवन में हमे दवाइयों से बचाएगा।



### रोज योगा का संकल्प

साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी ऑडिटोरियम में योग दिवस पर योगाभ्यास हुआ। प्रदेश प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के हेमंत सुकलीकर ने विद्यार्थियों को योग आसन सिखाए। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि हम प्रतिदिन योग करेंगे। रंगवानी ने विद्यार्थियों को योग से होने वाले फायदों एवं खाने में परहेज के बारे में बताया।

***1000 बच्चों ने किया योग:*** *लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकन्ड्री स्कूल, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल एवं वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल गांधीनगर विद्यालयों में लगभग 1000 विद्यार्थियों ने योग के साथ सामूहिक सूर्यनमस्कार भी किया।*

***कॉलेज छात्राओं ने किया योग:*** *संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में डॉ ज्योतिकेसवानी, संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक साईसेस ने योगाभ्यास कराया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.डालिमा पारवानी कहाकि योग विचारऔर क्रिया के बीच संतुलन तथा संयम की एकता का प्रतिनिधित्व करता है।*

**'योग धर्म नहीं, विज्ञान है':** अनन्दराम टी.शाहानी कन्या वि.व सिंधु माध्यमिक विद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग किया।

### स्वयं और समाज के लिए योग

आरोग्य केन्द्र में योग दिवस पर डॉ संजीव डॉ. नम्रता, डॉ स्वर्णा एवं डॉ श्रुतकीर्ति द्वारा साधकों को योगा के महत्व को समझाया कि, योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में जोड़कर आत्मिक शांति प्रदान करने का साधन है। सांयकालीन सत्र 4 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित किए गए जिसमें 135 साधकों ने योग किया।



### मां के नाम एक पौधा रोपने का संकल्प

गुरुनानक मंडल द्वारा सिंधी कम्युनिटी हॉल ईदगाह हिल्स में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एनडीआरएफ टीम, बहनों एवं आमजन ने योग किया 'मंडल ने एक पेड़ मां के नाम' देकर पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपने का आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व योग के प्रति जागरूक किया।



## भोपाल व प्रदेश के प्रमुख प्रवेश द्वार पर होंगी भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण की आकृतियां

# अब हर साल गीता महोत्सव मनेगा, चित्रकूट मिनी अयोध्या की तर्ज पर विकसित होगा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र का धार्मिक वैभव जल्द ही लौटने वाला है। सरकार ने इसके लिए कई स्तर पर काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में हर साल गीता महोत्सव मनाने का निर्णय लिया है, इसकी शुरुआत गीता जयंती से होगी। चित्रकुट को मिनी अयोध्या के तर्ज पर विकसित किया जाएगा। श्रीराम वनगमन पथ की तर्ज पर श्रीकृष्ण पाथेय का विकास होगा। प्रदेश की सीमा में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्गों पर प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे, जहां भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण की के स्वरूप उकेरे जाएंगे। भोपाल की सीमा में प्रवेश करने पर राजा भोज की नगरी का अहसास कराने के लिए उनकी प्रतिमाएं लगाई जाएंगी।

### चित्रकूट पर ज्यादा फोकस, कलेक्टर जिम्मेदार

चित्रकूट पर सरकार ने जोर और बढ़ा दिया है। इसे तो विकसित किया ही जाएग, साथ ही इसके आसपास की ग्राम पंचायतों को भी पर्यटन के लिहाज से विकसित करने की योजना पर काम होगा ताकि आने वाले समय में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इन सभी कामों में तेजी लाने के लिए चित्रकूट विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी कलेक्टर सतना को दे दी है। यह निर्णय शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में लिया है। मुख्यमंत्री ने धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास और श्रीराम वन पथ गमन न्यास और भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों के विकास को लेकर किए जा रहे कामों की समीक्षा की।मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर काम करें। पर्यटन व धार्मिक स्थलों को आकर्षक व भव्य बनाएं। प्रदेश में भारतीय संस्कृति एवं दर्शन को व्यापकता से आमजन तक पहुंचाएं। पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों का बेहतर ढंग से प्रचार-प्रसार कर ब्राडिंग करें। भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों का चिन्हांकन करने और उनके विकास के लिए विद्वानों से सामग्री संकलन करें। धार्मिक स्थलों के विकास के लिए सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर काम करें। लाईट एंड साउंड शो के स्थल विकसित करने के 8 और संग्रहालय निर्माण के 5 कामों को जल्द पूरा करें और उज्जैन की तर्ज पर ओंकारेश्वर में ममलेश्वर मंदिर के विकास के कामों को जल्द पूरा करें।

## मदरसे में हिंदु बच्चों को दाखिले को लेकर पूछे सवाल पर बोले मंत्री

# मंत्री विजय शाह बोले- सवाल मदरसों का नहीं, तिरंगे के सम्मान का है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो भले ही हिंदू बच्चों को मदरसे में दाखिला दिलवाने और उन्हें पढ़ाए जाने को लेकर आपत्ति जता रहे हो लेकिन प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह को इस पर कोई आपत्ति नहीं है। इस इसको लेकर मंत्री से सवाल किए तो उन्होंने हाल ही में खंडवा में यही बात कही। अब मंत्री का उक्त वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इधर बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष अभी भी मदरसों में हिंदू बच्चों की पढ़ाई पर आपत्ति जता रहे हैं।



### मंत्री विजय शाह बोले- तिरंगे का अपमान किया तो सुविधाएं बंद कर देंगे

मंत्री विजय शाह वीडियो में कहते सुनाई दे रहे हैं कि शिक्षण संस्थाएं कोई भी हो, यदि जन गण मन नहीं गाएंगी, तिरंगे का अपमान करेंगी तो उनकी सुविधाएं बंद कर दी जाएगीं। मंत्री वीडियो में कहते सुनाई दे रहे हैं कि सवाल मदरसे का नहीं है, बल्कि तिरंगे का है, जन गण मन के सम्मान का है। आगे कहते हैं हमारी क्रिश्चन संस्थाएं पढ़ा रही हैं, जो जन गण मन कराती हैं, झंडा वंदन भी होता है।

### हिंदू बच्चों के आंकड़ों को बता चुके हैं गलत

इधर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह पहले ही स्कूलों में हिंदू बच्चों के आंकड़ों को गलत बता चुके हैं। यहां तक कह चुके हैं कि आयोग के अध्यक्ष के पास जो आंकड़े हैं वे सही नहीं है, उनका परीक्षण करने के बाद उन्हें जारी करना चाहिए थे। जिस पर अध्यक्ष ने भी मीडिया के सवालों पर पलटवार किया और कहा है कि मंत्री को कुछ पता नहीं है, अधिकारी उन्हें गुमराह कर रहे हैं, उनके पास किस जिले के किस मदरसे में कितने हिंदू बच्चे पढ़ रहे हैं, इसकी जानकारी है। यहां तक कि आयोग के अध्यक्ष ने मंत्री को उक्त स्कूलों के निरीक्षण करने और अधिकारियों से जाकर दिखवाने की सलाह तक दे दी है। यह मामला बीते सप्ताह तब सामने आया जब एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि करीब 9 हजार हिंदू बच्चों को मदरसों में शिक्षाएं दी जा रही है।

## पूरी ताकत झोंक रही

# अमरवाड़ा मिशन: कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों का दस्ता बनाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए कांग्रेस हरसंभव ताकत झोंकने की कोशिश क र रही है। हाल मे लोकसभा चुनाव में कमलनाथ के करिश्मा टूटने के बाद कांग्रेस ने इस गढ में अपनी ताकत दिखाने के लिये कई रणनीति बनाई हैं। गौरतलब है कि कमलनाथ की पसंद के हिसाब से ही उम्मीदवार का भी चयन किया गया है। अब कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, दिग्विजय सिंह, पूर्व सांसद नकुल नाथ सहित सभी वरिष्ठ नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है। गौरतलब है कि कल अमरवा?ा में नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई। 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होगी।प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, राज्य सभा सदस्य विवेक तन्खा एवं अशोक सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, एनपी प्रजापति भी स्टार प्रचारक है।इसके अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर, विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व मंत्री तरुण भनोत एवं सुखदेव पांसे, विधायक जयवर्धन सिंह, आरिफ मसूद, लखन घनघोरिया, बाला बच्चन, रजनीश सिंह, सुनील उइके, चौधरी सुजीत मेर सिंह, विजय चौरे, सोहनलाल वाल्मीकि को भी पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाया है। स्टार प्रचारकों की लिस्ट में निलेश उइके, रामसिया भारती, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, पूर्व विधायक हिना कांवरे, संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, कुणाल चौधरी, गंगा तिवारी, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र सिंह यादव, एनएसयूआइ के अध्यक्ष आशुतोष चौकसे का भी नाम शामिल है।

## वीडी का योग



भोपाल। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना के जुगलकिशोर मंदिर परिसर में योग किया।

# आइआइआइटी के छात्रों ने तैयार किया एप, शुरू करेंगे स्टार्टअप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एलर्जी एक ऐसी समस्या है जो घर में बैठे-बैठे भी हो सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, गर्मी के मौसम में गर्म हवा पहले से सांस की समस्या से जूझ रहे लोगों की परेशानी बढ़ा सकता है। इसलिए सावधानी बरतनी चाहिए। समय रहते एलर्जी पर ध्यान नहीं दिया तो अस्थमा, एलर्जिक राइनाइटिस और साइनसाइटिस जैसी सांस से जुड़ी परेशानी बढ़ सकती हैं। शोध में पाया गया है कि उपचार में देरी करने से खान-पान संबंधी विकार वाले लोगों के लिए परिणाम खराब होते हैं। नतीजनन 20 प्रतिशत से भी कम लोगों को समय से बीमारी का पता चलने पर इलाज मिल पाता है। लोगों को समय रहते शरीर की प्रवत्ति और एलर्जी पता चल सके, इसके लिए ट्रिपलआईटी के विद्यार्थियों ने आयुर्मित्रम' नामक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट को डिजाइन किया है। जो आयुर्वेद के अनुसार मानव की प्रकृति को बताने में सक्षम है। ट्रिपलआईटी के छात्र हर्ष जैन, मोहित खैरनार, सत्यम सागर, अक्षिता अग्रवाल, ओजस कुशवाहा और रजत कुमावत ने इस चैटबॉट को तैयार किया था। लेकिन इन छात्रों को नौकरी लगने के कारण अब जुनियर छात्रों को यह काम सौंपने की तैयारी की जा रही है। ताकि छात्र स्टार्टअप शुरू कर सकें और आम लोगों को भी इसका लाभ मिल सके। ई सेल के प्रभारी अजय श्रीवास्सव ने बताया कि छात्र-छात्राओं से स्टार्टअप के लिए आइडिया मांगे गए थे, दो माह लगभग 28 आइडिया छात्र-छात्राओं ने आइडिया सबमिट किए थे। इसमें से ऑल इंडिया लेवल पर 3 आइडिया का चयन हुआ है। तीनों स्टार्टअप को शुरू करने के लिए सरकार की अनुमति मिल गई है। इसमें आयुर्मिंत्रम एआई चैट बॉट शामिल है।

# महिला ऊर्जा हेल्प डेस्क प्रभारी, जांच कर्ताओं के लिए नवीन कानून प्रशिक्षण




भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में महिला अपराधो से संबंधित नवीन आपराधिक कानून 2023 के क्रियान्वयन संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन महिला सुरक्षा शाखा के द्वारा किया गया, जिसमें नगरीय पुलिस भोपाल की समस्त ऊर्जा डेक्स प्रभारी, समस्त थानों की महिला जांचकर्ता एवं महिला थाने में पदस्थ महिला अधिकारी, कर्मचारियों को एडीपीओ मनीषा पटेल के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में लगभग 100 महिला जांचकर्ता (विवेचक) उपस्थित थीं। संपूर्ण प्रशिक्षण अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा एवं मुख्यालय नीतू ठाकुर एवं सहायक पुलिस आयुक्त महिला सुरक्षा निधि सक्सेना के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

**मेट्रो एंकर**

## लोकपाल की नियुक्ति नहीं होने पर की कार्रवाई

# यूजीसी ने 16 विवि को डिफाल्टर घोषित किया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) ने प्रदेश के 16 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। यूजीसी ने यह कार्रवाई प्रदेश के विश्वविद्यालयों में लोकपाल की नियुक्ति नहीं होने के कारण की है। इसमें राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी), माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) और राजा मानसिंह विश्वविद्यालय सहित सात सरकारी विश्वविद्यालय और नौ निजी विवि के नाम शामिल हैं।




यूजीसी ने यह पत्र 19 जून को जारी किया है। हालांकि एमसीयू में लोकपाल की नियुक्त कर दी गई है। एमसीयू के कुलपति प्रो. केजी सुरेश ने इस निर्णय पर हैरानगी जताई हैं कि उन्होंने सात जून को यूजीसी को लोकपाल के नाम का चयन कर पत्र भेज दिया था। फिर भी डिफाल्टर की श्रेणी में विवि का नाम शामिल है। एमसीयू में सेवानिवृत प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश सुनरया को लोकपाल नियुक्त किया गया है। अब विवि फिर से यूजीसी को पत्र लिखेंगा ।

ताजा आदेश में यूजीसी ने प्रदेश के जिन सरकारी विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित किया है, उनमें आरजीपीवी, एमसीयू, मध्यप्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, राजा मान सिंह म्यूजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी ग्वालियर और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर शामिल हैं।

### डिफाल्टर की श्रेणी में निजी विवि भी

यूजीसी ने प्रदेश के नौ निजी विश्वविद्यालयों को भी डिफाल्टर घोषित किया है। इस सूची में आर्यावर्त यूनिवर्सिटी सीहोर, एलएनसीटी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी इंदौर, मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल, ओरिएंटल यूनिवर्सिटी इंदौर, श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर, स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी सागर, ज्ञानोदय यूनिवर्सिटी नीमच, जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल और अमलतास यूनिवर्सिटी देवास शामिल हैं।



## संपादकीय

# इसे योग ही रहने दें

भारत समेत कई देशों में योग दिवस को मनाने का उत्साह और आयोजनों का आकार लगातार बड़ा होता जा रहा है। भविष्य में यह बात स्थापित हो जायेगी कि योग का उपहार भारत ने दुनिया को दिया है। यूं तो देश में उपलब्धियों और धरोहरों की एक लंबी श्रृंखला है, जिनकी वजह से दुनिया भर में भारतीयता को सम्मान मिलता रहा है। मगर हाल के वर्षों में योग एक ऐसे पहलू के रूप में उभरा है, जिसे न केवल भारत में एक नया आयाम मिला है, बल्कि इसे विश्व भर में लोगों ने बेहद रुचि के साथ देखा, सीखा और अपनाया। सच यह है कि एक ऐतिहासिक धरोहर और नायाब तोहफे के रूप में योग के सहारे स्वास्थ्य का कायाकल्प करने के लिए एक दृष्टि देने के लिहाज से भारत को दुनिया भर में नेतृत्व करने का मौका मिला है। आज भारत सहित दुनिया के कई देशों, बड़े-बड़े संस्थानों और विश्वविद्यालयों तक में व्यापक पैमाने पर लोगों के बीच योगासन बेहद लोकप्रिय हुआ है और इसके प्रत्यक्ष लाभ भी देखे जा रहे हैं। इसलिए योग और इसके दर्शन के महत्त्व को समझा जा सकता है। दरअसल, वैश्विक स्तर पर योग की लोकप्रियता के समांतर यह भी देखा जा रहा है कि एक ओर बहुत सारे देशों में लोग इसके प्रति आकर्षित हो रहे हैं और इसकी उपयोगिता के लिहाज से इसे अपना रहे हैं, तो दूसरी ओर अपने देश में कई बार इसे एक मौके को भुनाने के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाने लगा है। इसका एक नकारात्मक पहलू इस रूप में सामने आया है कि दिनचर्या के हिस्से के रूप में उपयोगी माने जाने वाले योग को मुख्यधारा के प्रचार माध्यमों में अब 'योग-दिवस' में केंद्रित करके देखा जाने लगा है। इस मौके पर खासतौर पर टीवी चैनलों पर जिस तरह के कार्यक्रम पेश किए जाने लगते हैं तथा इन कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों में जैसी हरकतें दिखती हैं, वह न सिर्फ अटपटी लगती हैं बल्कि उनकी चकाचौंध से योग जैसे गंभीर और महत्त्वपूर्ण विषय की गरिमा भी कम होती नजर आती है। करीब दस वर्ष पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र में जब अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था, तब उसे बहुत सारे देशों का समर्थन मिला और उसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने इसे मंजूरी दी थी। भारत सहित विश्व भर में जहां भी यह लोकप्रिय हुआ, वहां लोगों ने इसके महत्त्व को समझते हुए स्वतःस्फूर्त तरीके से इसे अपनाया। योग के मूल दर्शन और इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसे इसी रूप में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि लोग अपने भीतर की प्रेरणा से इसे अपनाएं। मगर विडंबना यह है कि हमारे देश में इसे अपने-अपने विज्ञापन और प्रचार का जरिया भी बनाया जा रहा है। इतिहासबोध के साथ देखें तो एक नायाब विरासत के रूप में योग की जो गरिमा रही है, उसके मद्देनजर इसे अपने प्रचार का जरिया बनने से बचाना होगा। दरअसल बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग का महत्त्व इसकी सादगी में ही निहित है और इसी तरह से इसकी उपयोगिता को स्थापित होना चाहिए। हालांकि दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि योग दिवस' के रूप में इसे आजकल वर्ष में सिर्फ एक दिन के उत्सव की तरह देखा जाने लगा है। जबकि रोजमर्रा के जीवन में नियमित अभ्यास के रूप में ही इसकी अहमियत आंकी जा सकती है। इसलिये योग दिवस को वन डे इवेंट बनाने या मानने की प्रवृति को छोडा जाएगा, तभी यह आमजनों को प्रभावित करेगा और इसे आजमाने के लिये प्रेरित करेगा।

> अनासक्ति का मतलब भागीदारी का न होना नहीं है। आप बहुत गहराई में जुड़ सकते हैं, पर उलझते नहीं हैं।

## आज का इतिहास

- 1807 ब्रिटिश युद्धपोत एचएमएस तेंदुए ने पीछा किया और अमेरिकी फ्रिगेट यूएसएस चेसापेक पर इस विश्वास के साथ हमला किया कि बाद में रॉयल नेवी के रेगिस्तान थे।
- 1813 का युद्ध-आगामी आश्चर्यजनक हमले के लिए अमेरिकी योजनाओं के बारे में जानने के बाद, लौरा सेकॉर्ड ने लेफ्टिनेंट जेम्सफिटगाइबोन को चेतावनी देने के लिए पैदल चलकर क्वीनटन, ओंटारियो, ऊपरी कनाडा से 30 किमी (19 मील) की यात्रा की।
- 1814 एचएमएस लेन्डर ने यूएसएस रैटलस्नेक को सैबल आइलैंड, नोवा स्कोटिया में हराया।
- 1826 पनामा के पैन-अमेरिकन कांग्रेस ने अमेरिका के गणराज्यों को एकजुट करने की (असफल) कोशिश की।
- 1857 लंदन में विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय आधिकारिक तौर पर रानी विक्टोरिया द्वारा खोला गया
- 1865 डॉ डब्ल्यू जी ग्रेस ने प्रथम श्रेणी की क्रिकेट की शुरुआत की।
- 1906 स्वीडन ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
- 1911 किंक जॉर्ज को इंग्लैंड का राजा बनाया गया
- 1911 जेक वी और मैरी ऑफ टेक को लंदन में वेस्टमिंस्टर एब्बे में किंग एंड द अनइनटेड किंगडम की रानी का ताज पहनाया
- 1918 स्पैनिश फ्लू ने महामारी का रूप लिया, जिसकी वजह से 6 महीनों में 30 मिलियन से ज्यादा लोग मरे गए।
- 1937 केमिली चौटेम्प्स तीसरी बार, दूसरे लोकप्रिय मोर्चे मंत्रालय में फ्रांस के प्रधान मंत्री बने।
- 1941 लिथुआनिया में जून विद्रोह शुरू हुआ।
- 1941 हिटलर ने तत्कालीन सोवियत रूस पर आक्रमण किया।
- 1941 ऑपरेशन बारब्रोसा में नाजी जर्मनी ने सोवियत संघ पर आक्रमण किया।

## निशाना

### हुए व्याकुल लोग !



\- कृष्णेन्द्र राय

गर्मी ने झकझोर दिया ।
किया परेशान ।।
हुए व्याकुल लोग ।
जा रही है जान ।।
राहत की उम्मीद नहीं ।
ना आया बदलाव ।।
हुए गायब बादल ।
गजब है पड़ाव ।।
चैन में अब है खलल ।
बरस रही है आग ।।
हैं सारे मजबूर ।
क्या करे विभाग ।।
आस लगाए बैठे हैं सब ।
हो शुरू बरसात ।।
ले ले मौसम करवट ।
हो शीतल दिन रात ।।

# विकास नीति में बढ़े वंचितों पर ध्यान

■ नितिन देसाई



हालिया चुनाव के नतीजे बताते हैं कि देश के मतदाता हमारी मौजूदा और भविष्य की अर्थव्यवस्था को लेकर बहुप्रचारित आशावाद को लेकर पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे। ऐसा भी नहीं है कि अर्थव्यवस्था में निरंतर वृद्धि को चिह्नित नहीं किया गया। उत्तर प्रदेश में लोगों का सर्वेक्षण करने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक जब लोगों से उनकी आर्थिक स्थिति के बारे में पूछा जाता तो अक्सर उनका जवाब होता, 'हां, अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी है लेकिन हम ठीक नहीं हैं।' वृद्धि और वंचितों के लिए आय के अवसरों की कमी ही नीतिगत प्रदर्शन को लेकर लोगों के आकलन के मूल में है। सन 1991 के उदारीकरण के सुधारों के तीन दशक बाद देश की आर्थिक वृद्धि दर करीब 6 फीसदी रही है। इस अवधि में देश का सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी छह गुना ब? गया। इसका एक मानक देश के जीडीपी की क्रय शक्ति समता का अनुमान भी है जो विश्व बैंक के हालिया अनुमानों के मुताबिक 10 लाख करो? डॉलर या कहें तो वैश्विक जीडीपी के 7.2 फीसदी के बराबर है। जीडीपी में छह गुना इजाफे के साथ विशुद्ध गरीबी में कमी आई है। परंतु असमानता में भी इजाफा हुआ है। विश्व असमानता डेटाबेस के अनुसार देश की राष्ट्रीय आय में सबसे अमीर 10 फीसदी लोगों की हिस्सेदारी 1992 के 35 प्रतिशत से बड़कर 2022 में 58 फीसदी हो गई।

इसी अवधि में सबसे अमीर एक फीसदी लोगों की हिस्सेदारी 10 फीसदी से बड़कर 23 फीसदी हो गई। दूसरी ओर सबसे निचले 50 फीसदी लोग 1992 के 22 फीसदी से घटकर 2022 में 15 फीसदी रह गए। संपत्ति के वितरण की बात करें तो असमानता और अधिक है। इस दौर की विकास रणनीति निजी क्षेत्र के उदारीकरण, विदेशी निवेश और संबंधित संस्थागत सुधारों पर आधारित है। परंतु इसमें कुछ कंपनियों के लिए पक्षपात भी शामिल रहा जिसके चलते वे तेजी से शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे। आज शीर्ष 10 कंपनियां 22 फीसदी पूंजी की मालिक हैं जबकि 5,000 से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों में शीर्ष 100 कंपनियां 64 फीसदी पूंजीकरण की मालिक हैं। कंपनियों के विस्तार पर इस प्रकार ध्यान केंद्रित करना ही वृद्धि को गति देने वाला अहम कारक रहा है। इसके बावजूद चुनिंदा आईटी कंपनियों को छोड़ दिया जाए तो भारत की कंपनियों ने वह नहीं हासिल किया है जो अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं के लिए जरूरी है। यानी वह वैश्विक कद जो चीन और पूर्वी एशिया की कंपनियां पहले ही हासिल कर चुकी हैं। कंपनियों ने मोटे तौर पर घरेलू मांग पूरी करने पर ध्यान दिया है और साथ ही बड़ती असमानता के कारण उपभोग की वस्तुओं की वृद्धि कम हुई जिससे कई कंपनियों की वृद्धि और निवेश योजनाओं में धीमापन आया है। सार्वजनिक नीति में बदलाव के बाद अधोसंरचना विकास में उनकी बड़ती संबद्धता एक अपवाद है। कुछ मायनों में निजी कारोबारियों की इस वृद्धि और सरकार तथा कुछ कारोबारी समूहों के बीच का गठजोड़ वैसा ही है जैसा कि अमेरिका में 1870 से 1900 के बीच गील्डेड युग में देखने को मिला था। उस समय तेज आर्थिक वृद्धि हुई थी और अधोसंरचना खासकर रेल मार्गों में जमकर निवेश हुआ। इसके साथ ही निजी पूंजी का विस्तार और कंपनियों की ताकत में भी इजाफा देखने को मिला था। इसमें अहम बात थी कंपनियों के साथ गठजोड़। अमेरिकी सरकार व्यवस्था बनाए रखने के लिए निष्पक्ष दिखने की कोशिश कर रही थी लेकिन वह अमीरों के हितों का पालन कर रही थी। वास्तव में दिलचस्प बात है गील्डेड युग का उस दौर के चुनावों पर प्रभाव। बीसवीं सदी के शुरुआती वर्षों में हुए चुनावों में थियोडोर रूजवेल्ट राष्ट्रपति बने थे। उस समय राजनीति का ध्यान तेजी से उन समस्याओ को हल करने की ओर गया जो उस दौर आर्थिक बदलावों के कारण उत्पन्न हुई थीं। राजनीतिक भ्रष्टाचार और औद्योगिक स्वामित्व के एकीकरण की समस्या को दूर करने का प्रयास किया गया। प्रगतिशील दौर की राजनीति सामाजिक सक्रियता से प्रेरित थी। हालिया लोकसभा चुनावों का एक आशावादी पाठ यह हो सकता है कि हमें भारत में भी ऐसा बदलाव देखने को मिल रहा है।

मुफ्त राशन और अन्य लोक लुभावन घोषणाओं की बात करें तो उनसे गरीबों के लिए अवसर नहीं बदलते। हालिया चुनाव नतीजे बताते हैं कि सामाजिक सक्रियता नजर आ रही है जो वंचितों के लिए बेहतर अवसरों की तलाश से संबंधित है। इसके पीछे की शक्ति, शायद यह भय रहा होगा कि जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था का क्या होगा। राजनीतिक पहलू को जाति जनगणना और मराठा जैसी जातियों की आरक्षण की मांग को समर्थन के रूप में देखा जा सकता है। इस तरह की जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था असमानता से ध्यान हटाने की कोशिश नहीं है, जिसे प्रमुख कारक नीति होना चाहिए था। देश में असमानता की हकीकत यह है कि यह जाति से बहुत हद तक संबद्ध है। ऐसा इसलिए कि अतीत में भी जाति और असमानता का बहुत करीबी संबंध रहा है। बड़ते बहुसंख्यकवाद की वजह से इसका संबंध धर्म से भी है। आरक्षण पर ध्यान देने की तुलना पश्चिम में कामगारों के अधिकारों की मांग से की जा सकती है।

क्या विपक्ष के वोटों में अप्रत्याशित वृद्धि को भारत में प्रगतिशील युग की शुरुआत के संकेतक के रूप में देखा जा सकता हैड़ उत्तर प्रदेश में जहां सीटों में बहुत फर्क आया वहां मतों का सर्वेक्षण दिखाता है कि दलित और मुस्लिम मतों का बड़ा हिस्सा विपक्ष को और उच्च जातियों का मत सत्ताधारी दल को गया। इसके साथ ही वंचितों और वरीयता प्राप्त समुदायों को मिलने वाले अवसरों में भी भारी अंतर रहा। परंतु हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में यह नहीं देखने को मिला जबकि वह उत्तर प्रदेश से ज्यादा अलग नहीं है। मेरी नजर में चुनाव नतीजे बताते हैं कि विकास नीति का प्राथमिक स्रोत समेकित जीडीपी या देश को दुनिया की चुनिंदा शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करना नहीं होना चाहिए। बल्कि उसकी जगह वंचितों और रोजगार से वंचित लोगों के लिए अवसरों में सुधार करना चाहिए।

गत माह मैंने नई सरकार की प्राथमिकताओं से संबंधित अपने स्तंभ में कहा था कि रोजगार तैयार करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। खासतौर पर कम वृद्धि वाले राज्यों में ऐसा करने की आवश्यकता है जहां कामकाजी आयु वाली आबादी तेजी से बड़ रही है। मेरा यह अनुमान नहीं था कि वंचितों की चिंताएं इस तरह मुखर होंगी जैसी कि वे चुनाव नतीजों में नजर आईं। इससे स्पष्ट होता है कि विकास नीतियों को अब तेज गति से उत्पादक रोजगार तैयार करने पर काम करना चाहिए। करीब एक दशक तक उसे कामकाजी आयु की आबादी में वृद्धि की दर से अधिक तेजी से रोजगार तैयार करने चाहिए। स्थानीय मांग के लिए अंतिम उत्पाद तैयार करने में छोटे आपूर्तिकर्ताओं को बढ़ावा देना चाहिए। भौतिक और डिजिटल अधोसंरचना में सुधार तथा ई-कॉमर्स एवं डिजिटल भुगतान प्रणालियों के तेजी से उभार का उपयोग करके रोजगार की आवश्यकता वाले उत्तरी राज्यो को राष्ट्रीय मूल्य श्रृंखलाओं में उच्च विकास वाले दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों से जोड़ा जा सकता है। एक ऐसी व्यापार नीति बनाई जानी चाहिए जा कारोबारियों को निर्यात बड़ाने के लिए प्रोत्साहित करे। दीर्घावधि में कौशल विकास के लिए बेहतर व्यवस्था की आवश्यकता होगी। रोजगार निर्माण का काम वृद्धि आधारित रणनीति का सह उत्पाद नहीं होना चाहिए। बल्कि तेज वृद्धि रोजगार निर्माण के कारण आनी चाहिए। क्या केंद्र सरकार इस दिशा में बढ़ेगी?

**– साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

# महज सियासी मजबूरी से न हो अग्निवीर योजना पर पुनर्विचार

■ सी. उदय भास्कर



आम चुनाव-2024 का परिभाषित परिणाम यह है कि भारत का राजकाज सही मायने में गठबंधन सरकार चलाएगी, जिसमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है, जो दो मुख्य सहयोगियों, जनता दल यूनाइटेड और तेलुगू देशम पार्टी के नाजुक समर्थन पर टिकी है। अतएव, मोदी सरकार-3 में शासन का स्वरूप और अवयव पिछले एक दशक में देखे गए रंग-ढंग जैसा न होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा-सैन्य ढांचे के मामले में बदलाव लाने की मांग पहले ही सामने आ चुकी है। जनता दल (यू) ने कहा है कि मोदी सरकार-2 में लागू की गई विवादित अग्निपथ योजना को पुनर्समीक्षा की जरूरत है। इस योजना के तहत सेना में फौजी (अग्निवीर) की भर्ती, छह महीने के प्रशिक्षण सत्र के बाद, चार साल के लिए होती है, इसके सेवा-नियम पूर्व में लागू पेंशन एवं संबंधित लाभों से एकदम अलग हैं, जो विगत में अफसर से निचले स्तर के फौजियों को 15 साल के सेवाकाल के बाद मिला करते थे। शपथ समारोह से पूर्व जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी का बयान आया : 'अग्निपथ योजना को लेकर कुछ तबकों में रोष है। हमारी पार्टी चाहती है कि इसमें व्याप्त खामियों को दूर किया जाए'। जब वर्ष 2022 के मध्य में यह योजना लागू की गई थी, तब पेशेवर हलकों में इस बात को लेकर काफी नुक्ताचीनी हुई थी कि यह प्रधानमंत्री कार्यालय का शायद एकतरफा निर्णय है। नई योजना के सूक्ष्म बिंदुओं पर न तो सेना के आला अफसरों से सलाह-मशविरा किया गया, न ही सांसदों के बीच इस पर विस्तृत विमर्श हुआ। दिसंबर, 2019 से अप्रैल, 2022 तक सेनाध्यक्ष रहे जनरल एमएम नरवणे ने विमोचन की प्रतीक्षा कर रही अपनी किताब में अग्निपथ बाबत मूल्यवान जानकारी दी है। वे कहते हैं कि उन्होंने तो थल सेना में अल्प-कालिक भर्ती के लिए 'टूअर-ऑफ-ड्यूटी' नामक एक प्रयोगात्मक योजना का प्रारूप सुझाया था लेकिन 2022 में प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी नीति एकदम अलग स्वरूप वाली थी और इसको सेना के तीनों अंगों पर लागू कर दिया गया। यह भी कहा ~'हम थल सेना वालों को तो घटनाक्रम में आए इस मोड़ से सिर्फ हैरानी ही हुई, लेकिन नौसेना एवं वायु सेना के लिए तो यह अचानक चौंकाने वाली बात थी'।

नियमानुसार चलने वाले लोकतंत्र की रिवायतों का तकाजा है कि यदि देश का राजनीतिक नेतृत्व कोई नीति संबंधी निर्णय लेता है तो सेना के सर्वोच्च अधिकारियों को उसका पालन करना पड़ता है, अग्निपथ योजना में यही हुआ। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में, प्रमाणित है कि मोदी सरकार-2 का यह फैसला मुख्यतः बजटीय कारणों को ध्यान रखकर लिया गया (पेंशन मद बचाना), और इसका असर सेना की लड़ाकू-दक्षता पर कितना होगा, इस पर विचार गौण था। अग्निपथ योजना सम्मिलित राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए दीर्घकाल में कितनी फायदेमंद रही, इसका अंदाजा एक दशक या उसके बाद ही हो पाएगा। जदयू की मांग ने अब किया यह है कि राजनीतिक मजबूरी ने सैन्य-व्यय पर पुनर्विचार करना आवश्यक बना डाला है। गठबंधन सरकार का एक भागीदार भाजपा को इस नीति की पुनर्समीक्षा करने को मजबूर कर रहा है, परंतु इसके पीछे वजह व्यावसायिक पहलू न होकर राजनीतिक है। यह तो बिहार में फौजी बनने के चाहवान युवाओं के बड़े वर्ग के गुस्से और हताशा को शांत करने के वास्ते है, क्योंकि अग्निपथ योजना फौजी वर्दी धारण करने का मौका उनसे छीनने के अलावा सरकारी पेंशन रूपी आर्थिक सुरक्षा से भी वंचित कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले चले प्रचार में, कांग्रेस और सपा के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने नई सैनिक भर्ती योजना पर अपने एतराज खुलकर जाहिर किए। यह वांछित घटनाक्रम नहीं है, जिसमें महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा निर्णय और नीतियां लागू होने बाद उनपर बहस करनी पड़े। इससे बचा जा सकता था यदि अपने दूसरे कार्यकाल में अग्निपथ योजना की घोषणा करने से पहले प्रधानमंत्री मोदी सदन के अंदर और सेना के आला अधिकारियों से विचार-विमर्श करने की जहमत उठा लेते। इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय सेना और उच्च रक्षा प्रबंधकीय ढांचे में नीतियों की समीक्षा और तंत्र का पुनर्निर्माण करने की जरूरत बहुत ज्यादा है। मोदी सरकार-1 में चार रक्षा मंत्री रहे और जो एकमात्र बड़ा निर्णय लिया गया वह था, नवम्बर 2015 में वन रैंक-वन पेंशन को मंजूरी देना और इसका स्वागत भी हुआ। मोदी सरकार-2 (2019-24) में,प्रधानमंत्री ने कुछ साहसिक किंतु एकदम अलग निर्णय लिए, मसलन, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) पद और डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स (डीएमए) का सृजन। अलबत्ता पांच साल बाद भी, इस सिलसिले में विभागीय पुनर्गठन का काम अधूरा है।लोकतांत्रिक स्वरूप वाली सरकारें वक्त के साथ अपनी नीतियों के सांचे में क्रमिक सुधार करती रहती हैं। भारत के मामले में, प्रत्येक प्रधानमंत्री 'नेहरू और उनके बाद आने वाले' प्रधानमंत्री कार्यालय को और अधिक शक्तिशाली करते गए। लेकिन रिवायत रही कि संसद के भीतर, व विशेषकर विषय संबंधित संसदीय कमेटियों से सलाह-मशविरा किए जाने ने पारदर्शिता लाने और उद्देश्यपूर्ण समीक्षा एवं सर्वसम्मति की अनुमति के लिए मूल्यवान भूमिका निभाई।लेकिन मोदी शासन की कार्यशैली में इस तरीके को तरजीह नहीं रही। अतएव, चाहे यह अग्निपथ योजना हो या किसी सेवानिवृत्त थ्री-स्टार जनरल को फोर-स्टार सीडीएस पद पर बैठाना, सब फैसले प्रधानमंत्री कार्यालय में मनमाफिक लिए गए। राष्ट्रीय सुरक्षा और सेना के गैर-राजनीतिक चरित्र के मामले में यह कृत्य दीर्घ-काल में अच्छा सिद्ध नहीं होगा। घरेलू राजनीति की जरूरतों को मुख्य रखना और अल्प-कालीन राजनीतिक फायदे आंतरिक रक्षा मामलों को स्वरूप देते रहे। मणिपुर की त्रासदी इसकी एक बानगी है। एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री बहक कर गंभीर नीतिगत गलती कर सकता है, ऐसी जो राष्ट्रीय सुरक्षा को फिर से ठीक न किए जा सकने वाला नुकसान पहुंचा दे, यहां नेहरू-कृष्ण मेनन की भारी भूल एक चेतावनी है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में अत्यंत जरूरी है कि जल्दबाजी में फैसला लेने से बचा जाए और पहले सदन और संबंधित कमेटियों में इनपर यथेष्ट विचार-विमर्श हो। अब जबकि मोदी सरकार-3 का कार्यकाल शुरू हुआ है, यह सही होगा कि सांसदों और विषय विशेषज्ञों को पिछले दस सालों के दौरान किए गए बड़े बदलावों की उद्देश्यपूर्ण समीक्षा की अनुमति हो और भारत की समग्र सैन्य क्षमताओं की मौजूदा स्थिति के मद्देनज़र आकलन किया जाए। बीसी खंडूरी संसदीय कमेटी रिपोर्ट-2017 में सेना की साजो-सामान संबंधी जिन कमियों को गिनाया गया था, उन पर ध्यान देना अच्छी शुरुआत बन सकता है। अग्निपथ योजना के अलावा, आत्मनिर्भरता बनाकर आयात घटाने पर ध्यान देना एक अन्य प्रमुख आवश्यकता है। इस प्रकार की पुनर्समीक्षाओं के लिए जरूरी नहीं कि कोई राजनीतिक मंशा या गलवान झड़प-2020 जैसी झकझोर देने वाली घटना कारक बने, बल्कि यह करना व्यवस्था का स्थाई अंग हो। मोदी सरकार-3 के लिए शीघ्रतम काम है जून के मध्य से पहले नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति करना। उम्मीद करें कि संस्थागत सार्वभौमिकता और ईमानदारी का पोषण करने वाले जांचे-परखे सिद्धांतों पर राजनीति हावी नहीं की होगी।

**–साभार: लेखक सोसायटी फॉर पॉलिसी स्टडीज के निदेशक हैं।**



# नर्मदापुरम हुआ योगमय

### योग एक क्रांती: राव

सेठानी घाट जिला स्तरीय कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने नर्मदे हर से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्ष पहले पूरे विश्व पटल पर भारी अपेक्षा के साथ योग का आह्वान किया था । आज पूरे विश्व में योग एक क्रांति के रूप में परिवर्तित हुआ है और परिलक्षित हुआ है।



## सेठानी घाट एवं समीप के तिलक भवन में बड़ी संख्या में नागरिकों ने की योग साधना

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

दसवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शुक्रवार को जिले के सुप्रसिद्ध सेठानी घाट एवं सेठानी घाट के समीप तिलक भवन में, धूपगढ़ की चोटी , तिलक सिंदूर, मढई जैसे पर्यटन स्थल, शिक्षण संस्थाओं , नर्मदा महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालय में तथा प्रमुख स्थानों पर उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस बार जिले में ÷ स्वयं एवं समाज के लिए योग %% थीम पर योग दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम बारिश के चलते तिलक भवन में आयोजित किया गया । यहां पर योगाचार्य रघुवीर सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में परिवहन एवं स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव , कलेक्टर सोनिया मीना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत , अन्य जनप्रतिनिधियों , स्कूली बच्चों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने योग साधना की । कार्यक्रम में भोपाल से सीधे प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव ने योग का संदेश एवं उद्बोधन दिया । मुख्यमंत्री ने योग को तन और मन की स्वस्थता के लिए महत्वपूर्ण बताया ।

### बारिश के बीच हुआ योग अभ्यास

मां नर्मदा के पावन तट सेठानी घाट में बरसते पानी में भी लोगों का उत्साह योग के प्रति कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में लोग योग अभ्यास करने के लिए सेठानी घाट पहुंचे । बारिश के बीच आम जनता, स्कूली बच्चों, योग विद्यापीठ के बच्चों ने उत्साह से योग अभ्यास किया और लोगों को कठिन परिस्थिति में भी योग अभ्यास करते रहने की प्रेरणा दी।सेठानी घाट , तिलक सिंदूर, मढ़ ई, सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी के बायसन लाज मैं योग के कार्यक्रम आयोजित किए गए । प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी धूपगढ़ के पहाड़ी मनोरम स्थल पर पर्यटकों एवं नागरिकों , साडा के सीईओ नीरज श्रीवास्तव, एडी सतपुडा टाईगर रिजर्व केलाश गुर्दे एवं म.प्र. पर्यटन विकास निगम के अन्?य अधिकारीगण, स्कूली बच्चों ने योग किया। इसी तरह तिलक सिंदूर में भी आम जनता एवं बच्चों ने उत्साह से योग किया। मढ़ई में भी सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम एवं पर्यटकों ने योग सत्र मे भाग लिया ।

## नर्मदा कालेज में योग दिवस: प्राध्यापक और विद्यार्थी परीक्षा के बावजूद कार्यक्रम में शामिल



**नर्मदापुरम।** नर्मदा कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास ,सूर्य नमस्कार और विभिन्न योगिक क्रियाएं संपन्न की गई ।जिसमें प्राचार्य प्राध्यापक और विद्यार्थी अधिक संख्या में सम्मिलित हुए। योग दिवस की इस वर्ष की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' रही। जिसमें योग द्वारा खुद को और समाज को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया । योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्य डॉक्टर ओ एन चौबे ने विद्यार्थियों से कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो शारीरिक, मानसिक, स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद करता है। हमें गर्व है कि आज पूरा विश्व इस भारतीय परंपरा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपना रहा है और दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य लाभ हो रहा है। समन्वयक डॉ हंसा व्यास ने भी योग की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। डा यास्मीन खान, स्नेहा दुबे और तृप्ति पाराशर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया।



## दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद ने स्थानीय शिवराज उद्यान पार्क में सामूहिक योग का आयोजन किया। जिसमें नगर पालिका कर्मचारी, शिक्षा और राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। वहीं भाजपा संगठन के पदाधिकारी पार्षद और नगर के अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने योग अभ्यास कया।

कार्यक्रम में योगाचार्य सेवानिवृत शिक्षक घनश्याम सिंह रघुवंशी ने विभिन्न योग और आसनों की क्रियाओं को विस्तार से समझाया और कराया। निर्धारित आसन, प्राणायाम, सूक्ष्म क्रियाओं में 32 आसनों का योग कराया गया। आसन में भुजंगासन, शलभासन, वृक्षासन, बज्रासन, उष्ट्रासन, प्राणायाम में कपालभाति, अनलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी, ध्यान कराया गया। योगाचार्य श्री रघुवंशी ने बताया कि 21 जून 2015 को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसकी शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर की गई। उन्होंने बताया की योग हमारी प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार हैं। शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए योग बेहद फायदेमंद है। इसलिए इस दुनिया भर में अपनाया जा रहा है। योगासनों के साथ साथ सभी लोगों को तीन से पांच बार सूर्य नमस्कार हर दिन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। इस दौरान गया प्रसाद यादव ने मंच से योग और आसानों को समझाया और करवाया। सामूहिक सूर्य नमस्कार में एसडीएम सरोज सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, खेमचंद चौकसे, बीईओ श्याम सिंह रघुवंशी बीआसी संगीता यादव, किरण रघुवंशी, पार्षद ईश्वर दास जमींदार, सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजनों ने भाग लिया।

वही कुसुम महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में खेल विभाग, एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात महाविधालय के खेल अधिकारी डॉ. अनुराग पाठक द्वारा योग मंत्र से योगाभ्यास प्रारंभ कराया गया। जिसमे सर्वप्रथम सामान्य आसन, प्राणायाम तथा अन्य आसन कराए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हम सभी योग करेंगे, स्वस्थ्य रहेंगे तो हमारा समाज भी स्वस्थ रहेगा और समाज का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। खेल अधिकारी डॉ अनुराग पाठक ने कहा की सभी को प्रतिदिन कम से कम 40 मिनट योग जरूर करना चाहिए। कार्यक्रम में एन सी सी अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार सोनी, एन एस एस अधिकारी डॉक्टर मोहन गुर्जर तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अच्छी बारिश की कामना एवं विश्व कल्याण के लिए बांटे गए मीठे चावल



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं झूलण सेवा समिति के सयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को शाम 5~00 बजे देश भर में अच्छी बारिश की कामना एवं विश्व कल्याण के लिए जवाहर बाजार स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर पर मीठे चावल सेसा का वितरण किया गया इस अवसर पर पूज्य पंचायत के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, सचिव मनीष वसानी, इंद्र लाल शिवदासानी, गोपाल सिधवानी, महेश बलेचानी,ओम सोनी,संजय गुरयानी ,नंदू देवानी,महेश लालवानी,अनिल मिहानी,विशाल चेलानी,विशाल गंगलानी,तरुण मेघराजानी बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### दहेज प्रतिषेध अधिनियम तहत सलाहकार बोर्ड का गठन हेतु सूचना

**सिरोंज।** मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग अधिसूचना के द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 8 (ख) (4) के द्वारा गठन किए जाने का प्रावधान है। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रेस नोट जारी कर उक्त प्रावधानों के तहत विदिशा जिला अंतर्गत दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत सलाहकार बोर्ड का गठन किया जाएगा की सूचना जारी की गई है। उक्त बोर्ड में 05 समाज कल्याण सदस्यों जिनमें 02 महिला सदस्यों को नामांकित किए जाने का प्रावधान है। दहेज सलाहकार बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा। सलाहकार बोर्ड द्वारा तीन माह में कम से कम एक बार बैठक होगी। बैठक की गणपूर्ति तीन सदस्यों से कम नहीं होगी। यदि अध्यक्ष या कोई सदस्य सलाहकार बोर्ड के तीन लगातार सम्मेलनों/बैठकों में पर्याप्त कारणों के बिना अनुपस्थित रहता है तो उसकी सदस्यता समाप्त होगी। अध्यक्ष, सलाहकार बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

## वार्ड 8 में बनेगी रोड और नाली, नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



नागरिकों की समस्या का होगा समाधान

वार्ड क्रमांक 8 उत्तर बंगलिया में शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने रोड व नाली निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 08 के पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया, वार्ड 19 पार्षद राहुल प्रधान मौजूद थे। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि वार्ड में अंदर की ओर 150 मीटर लंबी रोड बनने वाली है साथ ही नाली का निर्माण भी होगा। यह काम जल्दी ही प्रारंभ होने वाला है। श्री चौरे ने बताया कि पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने काफी समय से इस रोड के लिए हमसे कहा था, चुनाव आचार संहिता लगी होने से काम प्रारंभ नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब ये काम प्रारंभ हो रहा है। श्री चौरे ने बताया कि यहां अभी रोड नहीं होने से काफी समस्या था, जो कि अब नहीं रहेगी।

## सांसद ने किया संजीवनी क्लिनिक का लोकार्पण नगर को मिली स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई शुरुआत

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर में मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य विभाग एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा निर्मित संजीवनी क्लिनिक का भव्य लोकार्पण समारोह का आयोजन हुया। इस क्लिनिक का निर्माण 25 लाख रुपए की राशि से किया गया है और इसका उद्घाटन सांसद दर्शन सिंह चौधरी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नरोलिया, विधायक प्रेम शंकर वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश रिंकू जैन, और भारतीय जनता पार्टी के समस्त पार्षद गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संजीवनी क्लिनिक के उद्घाटन पर क्षेत्र की जनता को अपनी शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने इस मौके पर संजीवनी क्लिनिक के शुभारंभ पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी और कहा कि इस क्लिनिक से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और लोगों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने संजीवनी क्लिनिक को एक महत्वपूर्ण कदम बताया जो क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा के स्तर को और ऊँचा उठाने में सहायक होगा। नगर पालिका अध्यक्ष रितेश रिंकू जैन ने इस अवसर पर कहा कि संजीवनी क्लिनिक का निर्माण क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और इससे जनता को आसानी से स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। संजीवनी क्लिनिक के उद्घाटन के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों ने नगर को मिली इस सौगात की सराहना की।

**मेट्रो एंकर**

### सनखेड़ा नाका पर नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया संयुक्त निरीक्षण

# सनखेड़ा नाका पर बंद पुलिया खोली, कच्चा नाला खोदा, बीच में आ रहे बिजली के खंबे होंगे शिफ्ट

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पंकज चौरे शुक्रवार सुबह से दोपहर तक सनखेडा नाका पुरानी इटारसी में बारिश के पानी से होने वाले जलभराव की समस्या को सुलझाने के लिए प्रयास करते दिखे। वे सुबह सीएमओ रितु मेहरा और पार्षद जिमी कैथवास के साथ यहां निरीक्षण करने पहुंचे, सुबह तेज बारिश के बाद यहां पानी जमा हो गया था। इसके बाद उन्होंने सनखेडा नाका पर राजस्व विभाग के अलावा बिजली कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर बिजली खम्बे शिफ्ट करने की कार्ययोजना बनाई। तय हुआ है कि खम्बे एक दो दिन में शिफ्ट हो जाएंगे।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि सनखेडा नाका पर सुबह बारिश का पानी जमा हो गया था। उन?होंने बताया कि नगरपालिका कच्चा नाला सडक के दोनों ओर खोद रही थी, लेकिन पिंक सिटी के पास बिजली के खम?बे बीच में आ रहे थे, जिसे बिजली कंपनी हटा नहीं रही थी। जिस पर आज अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर संयुक्त निरीक्षण किया। यहां तहसीलदार सुनीता साहनी और राजस्व विभाग की टीम के अलावा बिजली कंपनी के डीजीएम अंकुर मिश्रा, प्रबंधक अभिषेक कनौज को भी बुलाया। यहां संयुक्त निरीक्षण में तय हुआ कि यहां से चार बिजली के खम्बे शिफ्ट होंगे।

### बंद पुलिया से हटाई मिटटी

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां पर मिटटी पिफलिंग करते हुए बंद कर दी गई एक पुलिया को खुलवाया। जेसीबी से खुदाई करते हुए पुलिया को खोला गया। यहां नीचे कांक्रीट कराया जाएगा, ताकि मिटटी का कटाव नहीं हो।

### बाढ़ राहत के लिए बनेगा कंट्रोल रूम

**इटारसी।** नगरपालिका कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नपाध्यक्ष पंकज चौरे, स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव, समिति सदस्य पार्षद राहुल प्रधान, पार्षद प्रतिनिधि अरविंद चंद्रवंशी प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के 34 वार्डों के सफाई सुपरवाइजर और मुकद्दम मौजूद थे। बैठक में सीएम हेल्प लाइन की पेंडेसी क्लियर करने, वर्षाकाल में जल भराव की समस्या निराकरण के लिए कंट्रोल रूम बनाकर हेल्पलाइन नंबर जारी करने का निर्णय हुआ। बैठक में नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि बाढ राहत के लिए एक कंट्रोल रूम तैयार कराया जा रहा है। और स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव ने कहा कि वर्षाकाल में सभी सफाई सुपरवाइजर और मुकद्दम अलर्ट मोड में रहेंगे। किसी भी तरह की काम में लापरवाही नही होना चाहिए।



# मनरेगा में जेसीबी, डंफर चले मजदूरों को नहीं मिला काम

## ग्राम पंचायत राय खेड़ी में सरपंच सचिव द्वारा विभिन्न मदों से कराए गए लाखों के निर्माण कार्यों की हो निष्पक्ष जांच की ग्रामीणों ने की मांग




सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

जनपद पंचायत नटेरन अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतें ऐसी है जो कि भ्रष्टाचार से अछूती नहीं है, इन्हीं ग्राम पंचायतों में से आती है ग्राम पंचायत राय खेड़ी जिसमें भ्रष्टाचार तो किया गया है। लेकिन उक्त भ्रष्टाचार को स्वीकारे कौन वर्तमान सचिव का कहना है कि वह दो तीन महीने पूर्व अतिरिक्त प्रभार के रुप में राय खेड़ी में पदस्थ हुऐ हैं। इस लिये उनकी जानकारी में कुछ नहीं है। ग्राम पंचायत द्वारा विधायक निधि से ग्राम पंचायत में दो ग्रेवल रोड डाले गये, जिस में मनरेगा भी शामिल होने के बाद भी मजदूरों को मजदूरी नहीं दी गई बल्कि जेसीबी मशीन से कोपरा की खुदाई कराई गई एवं कोपरा.और मुरम को खरीदा गया लेकिन जाब कार्ड धारी मजदूरों से मनरेगा के तहत मजदूरी नहीं कराई गई। मुरम डंफर 36 नग 3950 दर 1लाख 42 हजार. 200 सी जीएसटी 3555, एस जीएसटी 3555 टोटल 149-310 रुपये खर्च किये गये। 42-डंफर 3950-की दर से 165900 रुपये सीजीएसटी 41475 एसजीएसटी 4147.5 टोटल राशि 1 लाख 74 हजार 195 रुपये खर्च किये गये। वहीं दूसरी तरफ सब जानते समझते हुऐ जेसीबी मशीन 30 घंटे 1500 प्रति घंटे के हिसाब से चली 45000 खर्च किये गये कोपरा 30 डंफर 3250 रुपये के हिसाब 97500 का खरीदा गया कमीशन खोरी का शुरू किया गया खेल यही खत्म नहीं हुआ ग्राम पंचायत द्वारा आफिस खर्च,फोटो कापी और मिठाई खरीद ने पर हजारों रुपये खर्च किया गया।

### इनका कहना है

*मुझे अभी दो महीने हुऐ हैं ग्राम पंचायत में उक्त भुगतान पूर्व सचिव द्वारा किया गया होगां*

**सचिव प्रताप सिंह**, राजपूत ग्राम पंचायतखेड़ी जनपद पंचायत नटेरन

# तालाब गहरीकरण में फैल रही भ्रांतियों को खत्म करने प्रशासन ने ली बैठक

# अतिक्रमण मुक्त कराने की भी रखी मांग सीएमओ पर पार्षदों की अनदेखी के आरोप

## तालाब का गहरीकरण जन सहयोग से होगाः एसडीएम



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देश पर प्राचीन तालाब, नदी कुआं आदि के गहरीकरण का कार्य नगरीय क्षेत्र में 30 जून तक कराए जाने की दिशा निर्देश नगरी प्रशासन विभाग से जारी हुए हैं। तालाब गहरीकरण को लेकर कई तरह की चर्चा सामने आने के बाद एसडीएम ने लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए सभी से जनसहयोग मांगा और कहा कि तालाब में से मिट्टी ले जाने के लिए कोई बंदिश नहीं है कोई भी व्यक्ति कहीं भी ले जा सकता है चाहे कॉलोनी हो चाहे निजी घरों को बनाने में अन्य स्थान पर भी मिट्टी यहां से ले जाकर डाल सकता है। गहरीकरण को लेकर हो रही भ्रांतियां को दूर करने के लिए। एसडीएम हर्षल चौधरी ने शुक्रवार को तालाब के अंदर ही बैठक लेकर लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए कहा कि सबके सहयोग से ही तालाब साफ और सुंदर बनाने के लिए गहरीकरण करवाया जा है। आने वाले समय में यदि यह साफ स्वच्छ हो जाएगा तो इसका पानी के लिए किया जा सकता है मवेशियों पक्षियों के साथ जरूरी कामों में भी लिया जा सकता है। साथ ही आसपास की सुंदरता भी बढ़ेगी वाटर लेवल मैं भी वृद्धि होगी इसको व्यवस्थित रूप से करने के लिए जनसंयोग से गहरीकरण का कार्य हो रहा है। खुदाई होने के बाद उस जगह का समतलीकरण भी कराया जाता है। इसमें अभी तक एक भी रुपए नगर पालिका परिषद के द्वारा खर्च नहीं किए गए हैं और ना ही आगे किया जाएंगे 30 जून तक यदि मौसम ने साथ दिया तो हम इसका गहरीकरण का कार्य जारी करेंगे इसमें से मिट्टी गाद को ले जाने के लिए कोई रॉयल्टी नहीं देनी होगी जिन लोगों के द्वारा जेसीबी से इसको निकालने का काम किया जा रहा है उनके द्वारा ट्रालियों डंपरों में भरने का काम की जा रहा है वह डीजल मेंटेनेंस की ही राशि लेना रहे हैं शासन स्तर पर किसी भी तरह की कोई शुल्क लेने का कार्य नहीं किया जा रहा है। जन सहयोग से ही इसका हम गहरीकरण कर रहे हैं इसमें से ग मिट्टी आदि को ले जाने की अनुमति किसी को भी है कोई भी और कहीं भी ले जा सकता है व्यक्ति विशेष के लिए कोई नियम नहीं है सबके लिए समान नियम है बिना रॉयल्टी के हम तालाब में से मिट्टी ले जाने की अनुमति दे रहे हैं। कोई भी व्यक्ति अपने वाहनों से मिट्टी खोदकर ले जा सकता है गहरीकरण में सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हैं बिना सहयोग से तालाब सुंदर नहीं बन पाएगा कई लोगों ने सुझाव दीजिए जिन पर विचार करके काम करने की बात एसडीएम ने कही।



### पार्षदों ने लगाऐं आरोप -

बैठक में उपस्थित इसी तरह पार्षद टीकाराम शाक्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे के कुआ साफ सफाई भी नहीं करवाई गई है जबकि इनमें अच्छा पानी था इसका उपयोग बात के लोगों को हो सकता था पर सीएमओ ने कोई ध्यान नहीं दिया इस पर एसडीएम ने सीएमओ से कहा कि प्राचीन कुआ की साफ सफाई भी करवाई जाए पार्षद अजमल शेर खान ने सीएमओ के द्वारा जन सहयोग से होने वाले गहरीकरण की जानकारी परिषद को ही नहीं दी है इस पर एसडीएम ने कहा कि इसमें सभी सहयोग करें वैसे इसकी जानकारी सीएमओ को देनी थी। इसके बाद तालाब के किनारो पर पौधारोपण भी किया गया।

### प्रचार प्रसार का आभाव -

जब अभियान के प्रचार प्रसार की बात आई तों नगर पालिका के सीएमओं पवन षर्मा ने प्रचार प्रसार के लिए अखबारो मे विज्ञप्ति प्रकाषन की बात कही परंतु बार बार पहुॅचे जाने पर भी वें न तों वे अखबार बता सके और न ही प्रकाषित विज्ञाप्ति ।

### अशोक जैन ने खर्च के लगाऐं अतिक्रमण के आरोप

अशोक जैन खर्च कहां कि सीएमओ साहब विधायक का नाम खराब ना हो ऐसा काम करो दिखावा मत करो धरातल पर तालाब को सुंदर बनाने के लिए कम करें तो अच्छा होगा। जिन लोगों अबैध रूप कब्जा कर रखा है उनके खिलाफ कार्रवाई करके तालाब को अतिक्रमण वक्त बनाएं यह तालाब 32 बीघा जमीन में है पर आज ऐसा लग रहा है कि आदी से ज्यादा जमीन में लोगों ने कब्जा कर रखी है उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है मैने अनशन किया था उस समय एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने मुझे आश्वासन दिया जाता है पर अतिक्रमण धारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। ना तो विधायक कह रहे हैं ना ही कलेक्टर मना कर रहे हैं विकास की भावना को लेकर काम करें। उन्होंने एसडीएम से कहा कि सीमांकन आप करवा सकते हैं तथा केथन डेम में अवैध रूप से खेती करने वालों को रोक दिया जाए तो 3 साल तक कम वर्षा होने पर भी शहर में पानी की समस्या नहीं होगी अभी 550 बीघा में से 350 बीघा पर अवैध रूप से खेती हो रही है इस कारण यहां हालात निर्मित हो रहे हैं। प्रशासन को अच्छी भावना के साथ धरातल पर कार्य करना होगा दिखावे तक अभियान सीमित ना रहे एसडीएम ने कहा कि इस विषय पर हम चर्चा करके सीमांकन भी करवाएंगे अतिक्रमण धारियों पर भी जांच करवा कर कार्रवाई करने की बात कही है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, सीएमओ पवन शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा हरिचरण अहिरवार आदि मौजूद थे।

### इनका कहना है

*जो भी सुझाव दिए गए उन पर विचार करके काम करेंगे सबके सहयोग से तालाब का गहरीकरण हो रहा है । नगरपालिका ने अभी तक इसमें एक भी पैसा खर्च नहीं किया और ना ही आगे खर्च नहीं करेगी जो भी भ्रांतियां थी उनको दूर करके गहरीकरण में सभी से सहयोग की अपेक्षा की है।*

**हर्षल चौधरी** एसडीएम

# एडिप योजनांतर्गत दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण परीक्षण हेतु शिविर 28 जून को

**सिरोंज।** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को उज्जैन द्वारा भारत सरकार की एडिप योजनांतगर्त विदिशा जिले के पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण परीक्षण के लिए 28 जून 2024 की प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र विदिशा में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे पात्र दिव्यांगजन परीक्षण शिविर में निम्न दस्तावेज जैसे- फोटो, आधारकार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड), समग्र आईडी, बीपीएल राशनकार्ड या आय प्रमाण पत्र तहसीलदार, सरपंच या वार्ड मेम्बर से जारी साथ लाना अनिवार्य है। अतः कृपया भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत ऐसे दिव्यांगजन जिन्हे वैशाखी, व्हीलचेयर, ट्रायसाईकिल, मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल इत्यादि सहायक उपकरण की आवश्यकता हो चिन्हांकन परीक्षण शिविर में उपस्थित होने हेतु अवगत कराना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाईन, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय एवं जनप्रतिनिधियों की मांग अनुसार 121 दिव्यांगजनों हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है। इसके अतिरिक्त ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें सहायक उपकरण की आवश्यकता हो तथा पिछले 05 वर्षो में लाभ ना मिला हो परीक्षण शिविर में उपस्थित हेतु सूचित करें।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल

# 4 परीक्षा केन्द्रों पर 1740 परीक्षार्थी शामिल होंगे

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा रविवार 23 जून को दो सत्रो में आयोजित की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा की नोडल अधिकारी श्री संतोष बिटौलिया ने बताया कि विदिशा जिले में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के सफल संचालन हेतु मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुरूप तमाम प्रबंध सुनिश्चित कराए गए है। परीक्षा आयोजन के पूर्व परीक्षा केन्द्रो पर बैठक व्यवस्था की समीक्षा की जाकर सभी परीक्षा केन्द्रो के परीक्षा कक्षो में दीवार घडी अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश केन्द्र प्रभारियों को दिए गए है।

डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी बिटौलिया ने बताया कि विदिशा जिला मुख्यालय पर उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रबंध सुनिश्चित किए गए है। विदिशा नगर के चार केन्द्रो पर एक साथ परीक्षा आयोजित की गई है इन केन्द्रो पर कुल 1740 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दो सत्रो में आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा का प्रथम सत्र प्रातः 9:30 बजे से तथा द्वितीय सत्र की परीक्षा हेतु दोपहर 1:45 बजे से परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्रो व सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की जानकारी देते हुए डिप्टी कलेक्टर श्री बिटौलिया ने बताया कि विदिशा शहर की शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल डंडापुरा बडा बाजार केन्द्र में 500 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 500 परीक्षार्थी तथा एसएटीआई इंजीनियरिंग परीक्षा केन्द्र में भी 500 परीक्षार्थी शामिल होंगे जबकि एसएटीआई पॉलिटेक्निक परीक्षा केन्द्र में 240 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दो सत्रो में आयोजित होने वाली परीक्षा का प्रथम सत्र प्रातः दस बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक का समय नियत किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी संतोष बिटौलिया ने बताया कि परीक्षार्थियों को दोनो सत्रो में आधा-आधा घंटा पहले संबंधित परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिया जाएगा।

# तीन प्रकरणों में जिला बदर की कार्यवाही

**सिरोंज।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने दो प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर जिन तीन प्रकरणों में जिला बदर की कार्यवाही की गई है। उनमें अनावेदक जयराम पिता अकल पारदी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम खामखेडा थाना त्योंदा, तथा अनावेदक अन्नू उर्फ अनुज उर्फ प्राज्ञेन्द्र सोनी पिता रमेश सोनी उम्र 24 साल निवासी वार्ड नम्बर 12 कुरवाई थाना कुरवाई जिला विदिशा एवं अनावेदक जितेन्द्र बघेल पिता मोहन बघेल उम्र 35 साल निवासी ग्राम सुनखेर थाना लटेरी जिला विदिशा सहित पूर्व उल्लेखितों के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही का आदेश जारी हुआ है।

# लंबे इंतजार के बाद बरसे बदरा, गर्मी से मिली राहत, किसान बोनी की तैयारी में जुटें

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



पिछले कई दिनों से प्री मानसून की बारिश होने का इंतजार लोगों कर रहे थे । गुरुवार की रात्रि में जब हल्की बारिश के साथ पानी गिरना प्रारंभ हुआ तो गुरुवार -शुक्रवार की रात्रि में काफी देर तक अच्छी बारिश हुई तथा सुबह भी हल्की बारिश का दौर जारी रहने से जहां लोगों को गर्मी से काफी हद तक निजात मिल गई धूल से भी मुक्ति मिल गई पानी गिरने का दौर शुरू होते ही किसानों को भी उम्मीद हो गई है कि जल्दी ही मानसून की बारिश भी प्रारंभ हो जाएगी खरीफ फसल की बोनी भी हम लोग कर सकेंगे। जिले में इस वर्ष अब तक 63.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि आज शुक्रवार को 39.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर शुक्रवार 21 जून की प्रातः आठ बजे दर्ज हुई वर्षा तदानुसार बासौदा में 62.2 मिमी, कुरवाई में 16.4 मिमी, सिरोंज में सात मिमी, लटेरी में 50.5 मिमी, ग्यारसपुर में 50 मिमी, गुलाबगंज में 52 मिमी, नटेरन में 51 मिमी, शमशाबाद में 18 मिमी तथा पठारी तहसील में 419 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

जिले की तहसीलो में अब तक दर्ज हुई वर्षा तदानुसार बासौदा में 67.4 मिमी, कुरवाई में 41 मिमी, सिरोंज में 19 मिमी, लटेरी में 121.1 मिमी, ग्यारसपुर में 77 मिमी, गुलाबगंज में 63 मिमी, नटेरन में 104 मिमी, शमशाबाद में 25 मिमी तथा पठारी तहसील में 56 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गौरतलब हो कि गतवर्ष उक्त अवधि में 3.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी।

**मेट्रो एंकर** | निकायों व पंचायतो के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया

# निकायों एवं पंचायतों की बैठकों में निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही भाग लें : कलेक्टर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर ने निकायों एवं पंचायतों की बैठकों, सम्मेलन सहित अन्य शासकीय आयोजनों में निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही भाग लें के आश्य का पत्र निकाय व पंचायत अधिनियमों में वर्णित प्रावधानों के तहत जारी कर संबंधित अधिकारियों को अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराने हेतु ताकीद किया है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा नगरीय निकायों तथा पंचायतों के लिए पृथक पृथक आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर श्री वैद्य के संज्ञान में यह तथ्य आने पर कि निकायों व पंचायतों की बैठकों सम्मेलन व अन्य शासकीय आयोजनों में निर्वाचितों के घर से या अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होकर कार्यो में सीधे दखल दे रहे हैं। जो अधिनियमों के विरुद्ध है।

कलेक्टर ने निकाय अधिनियमों के तहत प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में निकायों के अधिकारियों को सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया है। तदनुसार यह तथ्य संज्ञान में आया है कि नगरीय निकायों में निर्वाचित महिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद एवं निर्वाचित सदस्यों के पति अथवा उनके निकटतम रिश्तेदार, परिषद के सभा, सम्मेलन तथा बैठकों में शामिल हो रहे हैं जो नियम विपरीत हैं, तथा म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 अनुसार महिलाओं के सशक्तिकरण एवं नगरीय विकास में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के उददेश्य के भी विपरीत है। महिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद एवं निर्वाचित सदस्यों के पति अथवा उनके किसी संबंधी या रिश्तेदारों या प्रतिनिधि परिषद के सभा, सम्मेलन तथा बैठकों में शामिल होना या दखल देना नियमानुकुल नही है, नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधान के विपरीत है, इस प्रकार के प्रकरण निर्मित होने पर संबंधित महिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं पार्षद एवं निर्वाचित सदस्यों के विरूद्ध अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही की जाए। यह सुनिश्चित करें कि निकायों में आयोजित होने वाली सभा, सम्मेलन, बैठक एवं अन्य कार्यक्रमों में निर्वाचित महिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद/निर्वाचित सदस्य ही भाग लें उनके स्थान पर कोई भी प्रतिनिधि, संबंधी अथवा रिश्तेदार उपस्थित न हो।



### पंचायतों के संबंध में

कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायतराज संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सम्मिलित कर विकास के कार्यकलापों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु व महिलाओं के सशक्तिकरण किये जाने के प्रयोजन से महिलाओं के पद आरक्षित किये गये हैं। जिले में आयोजित होने वाली बैठकें, सम्मेलन, आयोजनों, कार्यक्रमों के माध्यम से ऐसा परिदृश्य देखा गया है कि महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर नाते रिश्तेदार, परिवार के सदस्य उपस्थित होते हैं। जबकि निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि को स्वयं उपस्थित होना चाहिये। इससे शासन के महिलाओं को आरक्षण दिये जाने का संकल्प व महिला सशक्तिकरण बाधित हो रहा है। अतःनिकायों व पंचायतो के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शासन मंशानुसार सभी महिला जनप्रतिनिधियों को शासकीय बैठक, आयोजन, कार्यशाला, सम्मेलन, कार्यक्रमों आदि में वह स्वयं उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया जाए। अन्यथा की दशा में म.प्र. पंचायतराज अधिनियम 1993 के प्रावधानुसार निर्वाचित जनप्रतिनिधि के विरूद्ध कार्यवाही की जा सकेगी।



### टी-20 वर्ल्ड कप: होप ने नाबाद 82 रन बनाए, चेज ने 3 विकेट लिए

# वेस्टइंडीज ने अमेरिका को 9 विकेट से हराया, सेमीफाइनल की रेस में बरकरार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वेस्टइंडीज ने आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 सुपर-8 के छठे मुकाबले में अमेरिका को 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ विंडीज सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। वेस्टइंडीज ने शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया और अमेरिका को 19.5 ओवर में 128 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में विंडीज ने एकतरफा अंदाज में 10.5 ओवर में एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज की जीत में बॉलर्स का अहम योगदान रहा। यूएसए ने मैच में शुरुआत अच्छी की, लेकिन पावरप्ले के बाद रोस्टन चेज ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया। चेज ने 19 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी अमेरिका की ओर से एंड्रियस गॉस 29, नीतीश कुमार 20, मिलिंद कुमार 19 और अली खान ने 14 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसेल और रोस्टन चेज ने 3-3 विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ ने 2 विकेट झटके। गुडाकेश मोती को एक विकेट मिला। वहीं मिलिंद कुमार रन आउट हुए। वहीं टारगेट का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की ओर से शाई होप ने 39 बॉल पर नाबाद 82 रन की पारी खेली। यह उनका चौथा टी-20 इंटरनेशनल अर्धशतक है। निकोलस पूरन ने नाबाद 27 रन बनाए। वहीं जॉनसन चार्ल्स 15 रन बनाकर आउट हुए। अमेरिका की ओर से इकलौता विकेट हरमीत सिंह ने लिया। होप और चार्ल्स के बीच 67 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई। वहीं दूसरे विकेट के लिए होप और पूरन ने नाबाद 63 रन जोड़े।



### सुपर-8 में तगड़ी फाइट, भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए कितने मैच जीतना होंगे

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ग्रुप ए में टॉप रहने के साथ लीग स्टेज का अंत कर चुका है। भारत ने चार में से तीन मैच जीते जबकि कनाडा के खिलाफ उसका आखिरी मैच बारिश के चलते रद्द हो गया। इसी के साथ सुपर-8 की तस्वीर भी साफ हो चुकी है। भारत ग्रुप-1 में होगा और उसके साथ ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान का मैच होना तय हो चुका है। वहीं ग्रुप-2 में साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। भारत के ग्रुप में चौथी टीम बांग्लादेश या नीदरलैंड्स में से एक होगी। यानी ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान वो दो टीमें हैं, जिनसे टीम इंडिया को सतर्क रहने की जरूरत है। ग्रुप से दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। अफगानिस्तान को कहीं से भी कमजोर नहीं आंका जा सकता जो न्यूजीलैंड को हराकर यहां तक पहुंचा है। ऐसे में टीम को अपने बेस्ट कॉम्बिनेशन के साथ ही उतरना होगा, वरना यहां विपक्षी टीमें खराब शुरुआत से टीम इंडिया को उबरने का मौका शायद ही दें।

### सुपर-8 के ग्रुप 2 में कौन-कौन सी टीम?

सबसे पहले सुपर-8 में क्वालीफाई करने वाली साउथ अफ्रीकी टीम ग्रुप-2 में सबसे ऊपर है। इसके बाद दोनों मेजबान टीम यानी वेस्टइंडीज और अमेरिका का नंबर आता है। आखिरी पोजिशन पर इंग्लैंड ने क्वालिफाई किया। अगर मौसम बेइमान न होता तो अमेरिका की जगह पाकिस्तान सुपर-8 में पहुंच सकता था। साउथ अफ्रीका ग्रुप डी से क्वालीफाई की। ग्रुप सी से वेस्टइंडीज आगे आई। अमेरिका ने ग्रुप ए से क्वालीफाई किया तो इंग्लैंड ग्रुप बी की दूसरी टीम बनी।

### भारत का सेमीफाइनल पहुंचना तय

सुपर-8 के ग्रुप-1 में भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया एकमात्र मजबूत टीम है। अफगानिस्तान और बांग्लादेश या नीदरलैंड्स को हराने में ज्यादा दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर कोई उलटफेर नहीं हुआ तो भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय माना जा रहा है। पहले राउंड के पॉइंट्स या नेट रन रेट का सुपर आठ स्टेज में कोई फायदा नहीं मिलने वाला, यहां सभी टीमें समान स्तर पर शुरुआत करेंगी। हर सुपर आठ ग्रुप की से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को होगा।

### बोर्ड ने की घोषणा

## भारत दौरे पर आएगी इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश टीमें




**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने 2024-25 सीजन के लिए अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र के कार्यक्रम की गुरुवार को घोषणा कर दी है। इस दौरान भारतीय टीम बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की मेजबानी करेगी। यह सीजन सितंबर से शुरू होगी। इस दौरान भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। इसके बाद तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद, न्यूजीलैंड की टीम तीन टेस्ट मैचों के लिए भारत आएगी। वहीं, नए साल की शुरुआत में इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर आएगी। इस दौरान पर भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टी-20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। इंग्लैंड टीम का यह दौरा 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेले जाने वाले तीसरे वनडे से खत्म होगा।

## चेस : फिडे के अधिकारी करेंगे दौरा

**चेन्नई, एजेंसी**

इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (फिडे) के दो अधिकारी वर्ल्ड चैंपियनशिप वेन्यू के लिए चेन्नई का दौरा करेगा। एक रिपोर्ट के तहत, फिडे के प्लानिंग और डेवलपमेंट कमीशन सेक्रेटरी करमेन गोरियाएवा और हेड ऑफ पीआर अना वोल्कोवा यहां आएंगी। रिपोर्ट के तहत, चेन्नई आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए दिल्ली और सिंगापुर के साथ होड़ में हैं। दिल्ली की मेजबानी के लिए ऑल इंडिया चेस फेडरेशन ने जबकि चेन्नई के लिए स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु ने दावा पेश किया है।

## जर्मनी लगातार दो शुरुआती मुकाबले जीतने वाली चौथी मेजबान टीम बनीं, क्रोएशिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला

**स्टटगार्ट, एजेंसी**

मेजबान जर्मनी ने यूरो कप 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रुप-ए मैच में हंगरी को 2-0 से शिकस्त दी और लगातार दूसरी जीत अपने नाम कर ली। वहीं, हंगरी की टीम को लगातार दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा है। जर्मनी यूरो कप इतिहास में शुरुआती दो मैच लगातार जीतने वाली कुल चौथी मेजबान टीम बन गई है। इससे पहले यह कमाल स्पेन (1964), फ्रांस (1984, 2016) और नीदरलैंड्स (2000) की टीम कर चुकी हैं। खास यह है कि इसमें से तीन टीमों ने फाइनल तक का सफर भी तय किया था। जर्मन टीम दो मैचों में छह अंक लेकर अपने ग्रुप में शीर्ष पर कायम है। शुरुआती दो मैच में गोल करने वाले सबसे युवा जर्मन खिलाड़ी- जर्मनी के जमाल मुसियाला ने 22वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में भी गोल दागा था। वह यूरो कप के शुरुआती दो मैचों में गोल करने वाली जर्मनी के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने यह कमाल 21 साल 114 दिन की उम्र में किया। जमाल के नाम 4 गोल हो गए हैं।



## टेनिस : बर्मिंघम क्लासिक में अन्हेलिना को दी मात, यूलिया अंतिम आठ में पहुंची

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कजाकिस्तान की 29 वर्षीय खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा ने गुरुवार को बर्मिंघम क्लासिक टेनिस के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने महिला एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन की अन्हेलिना कालिनीना को 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। दुनिया की नंबर 41 खिलाड़ी पुतिनत्सेवा कहा कि वह आगे भी जीत की लय कायम रखने की कोशिश करेंगी।





### मेट्रो बाजार

## 24 जून को सेंसेक्स में शामिल होगा अडाणी पोर्ट्स

**मुंबई, एजेंसी**

अडाणी पोर्ट्स के शेयर 24 जून से सेंसेक्स पर कारोबार करेंगे। अडाणी ग्रुप की कंपनी विप्रो की जगह लेगी। समय-समय पर 30 शेयरों वाले इंडेक्स सेंसेक्स में बदलाव किया जाता है। इसी के तहत अडाणी पोर्ट को सेंसेक्स में शामिल और विप्रो को बाहर किया जा रहा है। अडाणी ग्रुप की कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स पहली कंपनी है जिसे सेंसेक्स में शामिल किया जा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी 50 में अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज और अडाणी पोर्ट्स दोनों ही शामिल हैं। बीते 6 महीने में शेयर ने 45 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। वहीं एक साल में शेयर के दाम करीब दोगुने हो चुके हैं। 749 रुपए से चढ़कर ये शेयर 1480 रुपए पर पहुंच गया है। बीते 6 महीने में शेयर ने केवल 14 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं एक साल में शेयर के 28 फीसदी से ज्यादा बढ़ चुके हैं। 385 रुपए से चढ़कर ये शेयर 495 रुपए पर पहुंच गया है। सेंसेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क इंडेक्स है, जो देश की टॉप 30 कंपनियों को ट्रैक करता है। सेंसेक्स का कैलकुलेशन फ्री-फ्लोट कैपेटलाइजेशन के आधार पर किया जाता है। समय-समय पर सेंसेक्स के शेयरों में बदलाव होता रहता है। इसके लिए हर छह महीने पर रिव्यू होता है और फिर उसके आधार पर फैसला होता है। अडाणी पोर्ट्स भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट ऑपरेटर है। इसके 13 पोर्ट और टर्मिनल देश की पोर्ट कैपेसिटी का करीब 24 फीसदी का प्रतिनिधित्व करते हैं। पहले इसका नाम गुजरात अडाणी पोर्ट लिमिटेड था। अडाणी पोर्ट्स ने 2 मई को फाइनेंशियल ईयर 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट, यानी शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 76.87 फीसदी बढ़कर 2,014.77 करोड़ रहा था।



## सोने पर भारी चांदी की चमक, निवेश और रिटर्न दोनों में सिल्वर ईटीएफ आगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी की कीमतें फिर से सरपट दौड़ने लगी हैं। एमसीएक्स पर 10 ग्राम 24 कैरेट वायदा सोना 750 रुपए चढ़कर 72,280 रुपए तक पहुंच गया, वहीं जयपुर सर्राफा बाजार में कीमतें 73,950 रुपए पर पहुंच गई। इसी तरह एमसीएक्स पर वायदा चांदी 1800 रुपए उछलकर 91,000 प्रति किलोग्राम के पार निकल गई और जयपुर में कीमतें 92,500 रुपए किलो रही। इस साल चांदी निवेश और रिटर्न दोनों मामले में सबकी चहेती बन गई है। 2024 में चांदी ने सोने को निवेश और रिटर्न दोनों में पटखनी दी है। निवेश के नए विकल्पों और बेहतर रिटर्न की वजह से सिल्वर एक्सचेंज ट्रेड फंड (सिल्वर ईटीएफ) की चमक ने सोने को भी पीछे छोड़ दी है। इस साल सिल्वर ईटीएफ की प्रबंधनीय परिसंपत्ति (एयूएम) में 131 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि इस दौरान गोल्ड ईटीएफ के एयूएम में 16 फीसदी की ही बढ़ोतरी हुई है। चांदी ने इस साल निवेशकों को बेहतर रिटर्न दिया। चालू कैलेंडर वर्ष में चांदी में निवेश करने वालों को करीब 25 फीसदी का फायदा हुआ, जबकि गोल्ड में निवेश करने वालों को 15.2 फीसदी का मुनाफा हुआ। एम्फी के मुताबिक, 2024 में सिल्वर ईटीएफ में 2653 करोड़ रुपए का निवेश आया और एयूएम बढ़कर 7,018 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो मई 2023 में 1852 करोड़ रुपए था। यानी सिल्वर ईटीएफ की संपत्ति में 279त्न की वृद्धि हुई है। गोल्ड ईटीएफ में 2460 करोड़ रुपए का निवेश आया और एयूएस 31689 करोड़ रुपए रहा।



### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



## 'नो एंट्री 2' से बाहर होने पर एक्टर अनिल कपूर बोले- घर की बात घर में रहने दो...

अनिल कपूर 'नो एंट्री' के सीक्वल में नजर नहीं आएंगे। नो एंट्री साल 2005 में रिलीज हुई थी। एक हालिया इंटरव्यू में अनिल कपूर ने नो एंट्री के सीक्वल में रिप्लेस होने पर रिएक्शन दिया है। जब उन्हें इस पर कुछ कहने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा- घर की बात है, घर में रहने दो। इस पर क्या बात करनी? दरअसल, इससे पहले बोनी ने बताया था कि अनिल इस बात से खुश नहीं थे कि उन्हें सीक्वल से रिप्लेस कर दिया गया। अनिल ने बोनी कपूर के किए गए दावों पर रिएक्ट करते हुए कहा- देखो घर की बात पर क्या चर्चा करनी है। और वो (बोनी) कभी गलत नहीं होते। बता दें, नो एंट्री 2 बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, अनिल कपूर उनके छोटे भाई हैं। इसी वजह से अनिल ने कहा कि पारिवारिक मुद्दों पर बात करने का कोई मतलब नहीं है। बोनी ने बताया था की अनिल खुश नहीं हैं मार्च में बोनी ने मीडिया को बताया था कि अनिल उनसे ठीक से बात नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वो सीक्वल में उन्हें रिप्लेस किए जाने की खबर से खुश नहीं हैं। खबर है कि नो एंट्री 2 में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर होंगे, जबकि अनीस बज्मी फिल्म का डायरेक्शन करेंगे। नो एंट्री 2 दिसंबर में फ्लोर पर आने वाली है। अनिल को आखिरी बार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म फाइटर में देखा गया था।

## डायरेक्टर फरहान ने कहा 2025 में शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग



फरहान अख्तर ने कन्फर्म किया है कि रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म डॉन 3 की शूटिंग 2025 में शुरू हो जाएगी। खबरें ये भी थीं कि कटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म जी ले जरा ठंडे बस्ते में जा गिरी है। इस पर भी बात करते हुए फरहान ने कहा कि ये फिल्म बनेगी और इसे वे ही डायरेक्ट करेंगे।

फरहान करेंगे डॉन 3 और जी ले जरा का डायरेक्शन

18 जून को फरहान द्वारा निर्देशित फिल्म लक्ष्य के बीस साल पूरे हुए। इस मौके पर फरहान ने पिंकविला से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्म डॉन 3 और जी ले जरा के बारे में बात की। फरहान ने कहा- हम अगले साल फिल्म डॉन 3 की शूटिंग करेंगे। मैं खुद इसका इंतजार कर रहा हूं। हमने फिल्म जी ले जरा की भी अनाउंसमेंट की है। इसका भी डायरेक्शन मैं ही करूंगा। मुझे किसी फिल्म का डायरेक्शन किए काफी समय हो गया है। मुझे इन फिल्मों का डायरेक्शन करने का बहुत मन करता है। फरहान से आगे सवाल किया गया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग डेट लॉक कर ली है या नहीं। इस पर उन्होंने कहा- यह बात सिर्फ मेरी तारीखों के बारे में नहीं है। प्रोजेक्ट में कई लोग शामिल हैं। सभी की तरफ से एक डेट को फाइनल करना जरूरी होता है। ये कन्फर्म है कि एक डायरेक्टर के तौर पर आप मेरी ये दो फिल्में जरूर देखेंगे। अगस्त 2023 में फरहान अख्तर ने खुलासा किया था कि फिल्म डॉन 3 में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। इस खबर ने पूरी तरह से सनसनी फैला दी थी।

## कास्टिंग काउच पर ईशा कोप्पिकर बोलीं... टॉप हीरो ने अकेले मिलने बुलाया था

ईशा कोप्पिकर ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। ईशा ने कहा है कि 18 की उम्र में उन्हें कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि एक ए-लिस्टर एक्टर ने उन्हें अकेले मिलने के लिए बुलाया था। लोग यह भी कहते थे कि एक्टर्स से दोस्ती करने पर ही फिल्म में काम मिलेगा। इतना ही नहीं, एक्टर्स और उनके सेक्रेटरी गलत तरीके से छूते थे और एक्टर्स से दोस्ती करने के लिए दबाव भी डालते थे। सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में ईशा ने फिल्म इंडस्ट्री की शुरुआती जर्नी और स्ट्रगल के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि बहुत सी एक्ट्रेसेस ने उनके समय में इंडस्ट्री छोड़ दी थी। बहुत कम ऐसी हैं, जो आज भी इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। चुनिंदा लोगों में से ईशा खुद हैं, जिन्होंने हार नहीं मानी और आज भी इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने आगे कहा- मैं 18 साल की थी, जब सेक्रेटरी और एक्टर ने मुझे कास्टिंग काउच के लिए अप्रोच किया था। उन्होंने मुझसे कहा था कि काम पाने के लिए मुझे एक्टर्स के साथ फ्रेंडली होना पड़ेगा। 47 साल की ईशा ने बताया कि जब वो 23 साल की थीं, तो फिल्म इंडस्ट्री के एक टॉप एक्टर ने उन्हें अकेले मिलने के लिए बुलाया था। ईशा ने कहा कि पहले से उस एक्टर का नाम बहुत सारी एक्ट्रेसेस के साथ जोड़ा गया था। इसी का बहाना देकर एक्टर ने ईशा को अकेले मिलने के लिए कहा था। लेकिन ईशा ने मिलने से साफ मना कर दिया था।



### ईशा ने बताया कि एक्टर और उनके सेक्रेटरी गलत तरीके से छूते थे, हाथ भी मरोड़ देते थे

ईशा ने उस वक्त को भी याद किया जब एक्टर और उनके सेक्रेटरी उन्हें गलत तरीके से छूते थे। इतना नहीं कि वो लोग एक्ट्रेस का हाथ मरोड़ देते थे और एक्टर्स से दोस्ती करने का दबाव बनाते थे। ईशा ने 1998 में आई तमिल फिल्म च्का?ल कविताईज से डेब्यू किया था। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड भी मिला था। ईशा ने 2000 में आई फिल्म चफिजाज से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में करिश्मा कपूर और ऋतिक रोशन लीड रोल में थे। वो अब तक कन्नड, तेलुगु, तमिल, मराठी और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। 2002 में रिलीज हुई फिल्म कंपनी में ईशा ने खल्लास सॉन्ग किया था, जिससे उन्हें काफी पॉपुलैरिटी हासिल हुई थी।

### राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में लगातार बढ़ रही वारदातें

# सफर के दौरान 2 यात्रियों का 4 लाख का सामान चोरी, बैग समेत लैपटॉप भी ले गए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में होने वाली चोरी की घटनाएं थमने का नमा नहीं ले रही है। सफर के दौरान 2 यात्रियों का 4 लाख रुपए कीमत का सामान चोरी हो गया। जीआरपी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस रेलवे स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है और वेंडरों से पूछताछ कर रही है।




## आईफोन समेत डेढ़ लाख का सामान चोरी

हरियाणा निवासी जतिन अत्री (25) तेलंगाना एक्सप्रेस में दिल्ली से सिकंदराबाद की यात्रा कर रहे थे. वह अपनी सीट पर सोए हुए थे. भोपाल रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन रुकी तो किसी ने उनका साइड बैग चोरी कर लिया। बैग में 1 लाख 10 हजार रुपए कीमत का आईफोन, 28 हजार रुपए कीमत का ओप्पो कंपनी का मोबाइल, सोने की कान की बाली, नकदी 6 हजार रुपए समेत कुल डेढ़ लाख का सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार उषा अमित शर्मा (41) नागपुर की रहने वाली हैं। पिछले दिनों वह परिवार के साथ जीटी एक्सप्रेस में मथुरा से नागपुर की यात्रा कर रही थी। उन्होंने अपना पर्स सिरहाने दबाकर रखा हुआ था। ट्रेन जैसे ही भोपाल रेलवे स्टेशन से रवाना हुई, वैसे ही एक बदमाश ने उनका पर्स खींचा और भागने लगा। उषा ने पीछा करने के प्रयास किया, लेकिन बदमाश चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। पर्स के अंदर करीब 16 तोला वजनी सोने के जेवरात, चांदी के जेवरात, पांच हजार नकदी, 22 हजार रुपए कीमत के चश्में, जरूरी दस्तावेज समेत अन्य सामान रखा था। चोरी गए माल की कीमत 2 लाख 60 हजार रुपए है।

### चाय लेकर लौटे तो गायब हो चुका था लैपटाप वाला बैग

भोपाल रेलवे स्टेशन पर चाय लेने उतरे एक युवक का सीट पर रखा लैपटाप वाला बैग चोरी हो गया। इसी प्रकार अलग-अलग ट्रेनों में सफर के दौरान आधा दर्जन से ज्यादा यात्रियों के मोबाइल फोन और लैपटाप चोरी हो गए। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपए बताए गई है। जानकारी के अनुसार जबलपुर निवासी राज प्रजापति ओवर नाइट एक्सप्रेस से इंदौर से जबलपुर की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना पिट्ठू बैग साइड की अपर बर्थ पर रखा था। भोपाल रेलवे स्टेशन पर वह चाय लेने के लिए नीचे उतरे। वापस लौटे तो पिट्ठू बैग चोरी हो चुका था। बैग के अंदर 48 हजार रुपए का लैपटाप, मोबाइल चार्जर और कालेज के कागजात समेत अन्य सामान रखा था।

# चलते कंटेनर का ताला तोड़कर कॉपर वायर चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में चलते कंटेनर से कॉपर केबल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कंटेनर चालक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। चालक ने पुलिस को बताया कि चलते कंटेनर का ताला तोड़कर बदमाश 28 बंडल कॉपर केबल चुराकर ले गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार फिरोज खान कंटेनर चलाता है। पिछले महीने 23 मई को वह कंटेनर में कॉपर वायर लादकर नरसिंहगढ़ की तरफ से भोपाल आ रहा था। सूखी सेवनिया स्थित कल्याणपुर वेयर हाउस पहुंचा तो पता चला कि कंटेनर का ताला टूटा हुआ हैं। चेक करने पर अंदर रखा 28 बंडल कॉपर वायर नहींड़था। चालक और कंटेनर संचालक ने अपने स्तर पर मामले की जानकारी जुटाई तो पता चला कि पीलूखेड़ी के पास चलते कंटेनर का ताला तोड़ा गया था। आरोपियों का जब कुछ पता नहीं चला तो ड्रायवर ने सूखी सेवनिया थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 40 तोला सोना चुराने वाले चोर गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल स्थित राधा री ढाणी में सगाई समारोह से 40 तोला सोने के जेवर और नगदी चुराने वाले दो अंतरराज्यीय चोरों को राजगढ़ पुलिस ने पकड़ा। उनके पास से 68 लाख का सोना जब्त किया है। चोरों को पुलिस ने उनके इंस्टाग्राम अकाउंट की निगरानी के आधार पर पकड़ा। राजगढ़ एसपी आदित्य मिश्रा के अनुसार सारंगपुर निवासी दिनेश राठौर ने भोपाल की राधा की ढाणी रेस्टोरेंट में अपनी भतीजी के सगाई समारोह के दौरान गहनों से भरा बैग चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

## दीवार पर लगे मीटर से युवक को लगा करंट, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



अवधपुरी खजूरी कला स्थित बालाजी नगर में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुरजीत सिंह (24) खजूरी कला स्थित बालाजी नगर में रहता था और प्रायवेट काम करता था। उसके घर के आसपास सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसके कारण कई स्थानों पर तोडफोड़ हुई है। उसके घर का बिजली मीटर भी अस्थायी रूप से दीवार के पास लगाया गया है। गुरुवार रात सुरजीत इसी मीटर के बगल से घर के अंदर जा रहा था, तभी उसे करंट लग गया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

## 20 हजार का बिल, किया 2 लाख, नोटिस मिला तो अफसर फरार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गांधी मेडिकल कॉलेज में एक बड़ी गड़बड़ी होने से पहले ही प्रबंधन द्वारा पकड़ लिया गया। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार संस्थान में फाइनेंस ऑफिसर (एफओ) के पद पर तैनात कुलदीप पवार ने 20 हजार के बिल को दो लाख का बना दिया था। उन्होंने बिल में सिर्फ अंकों में राशि लिखी थी। जिसमें एक जीरो बढ़ा हुआ था। इसके अलावा उन्हें शब्दों में भी राशि को लिखना चाहिए था, जो उन्होंने नहीं लिखा था। जिसको लेकर एफओ कुलदीप को नोटिस जारी किया गया था। साथ ही कार्रवाई करते हुए प्रबंधन ने पद से रिलीफ भी कर दिया था। इसके बाद वे एक दिन बिना सूचना के एफओ कक्ष में पहुंचे और वहां से दो बड़े बैग लेकर फरार हो गए। प्रबंधन को शक है कि उनमें कई सरकारी दस्तावेज हैं। इसकी शिकायत प्रबंधन द्वारा कोहेफिजा थाने में भी की गई है। डीन ऑफिस के कर्मचारियों का कहना है कि कुलदीप की यह गलती डीन डॉ. कविता सिंह ने पकड़ी थी। इसके बाद कुलदीप द्वारा दो बार प्रबंधन को पत्र लिखा कक्ष से जरूरी सामान लेने के लिए निवेदन किया गया।

## आसमान पर छाए बादल



भोपाल। राजधानी में प्री मानसून की बारिश के बाद शनिवार सुबह आसमान पर बादल छाए रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर में चाय नाश्ते का ठेला लगाने वाले युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

पुलिस के अनुसार राजेश मेहरा पिता आत्माराम मेहरा (25) आदर्श नगर बागसेवनिया में रहता था। राजेश बासेवनिया में चाय नाश्ते का ठेला लगाता था। शुक्रवार दोपहर वह घर पर था। उसका भाई सो रहा था, बाकि परिवार को लोग अपने अपने काम पर गए थे। इसी बीच राजेश ने फांसी लगा ली। दोपहर करीब दो बजे भाई की नींद खुली तो उसने शोर मचाया था। आसपास के लोगों ने उसे फंदे से नीचे उतार लिया था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने परिजन से पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन परिजन शोकाकुल है और वह कुछ कह नहीं पा रहे हैं। प्राथमिक पूछताछ में उन्होंने बताया कि राजेश ने किसी तरह की परेशानी का जिक्र नहीं किया था।

## पति की मौत के चार महीने बाद पत्नी ने जहर खाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बैरागढ़थाना क्षेत्र स्थित बेहटा गांव में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। महिला के बयान नहीं हो सके हैं साथ ही कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। चार महीने पहले महिला के पति की आकस्मिक निधन हुआ था। अनुमान है पति की मौत से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है। एएसआई संजय मिश्रा ने बताया कि लक्ष्मी अहिरवार पति स्वर्गीय रामदयाल अहिरवार (28) बेहटा गांव, बैरागढ़ की रहने वाली थी। उसकी शादी ललरिया थाना बैरसिया निवासी रामदयाल से हुई थी। रामदयाल प्राइवेट काम करता था और उसका मानसिक संतुलन बिगड़ चुका था। उसका परिजन इलाज करा रहे थे और चार महीने पहले उसका निधन हो गया। पति के निधन के बाद मायके पक्ष के लोग लक्ष्मी को घर ले आए थे। परिजन ने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे के आसपास लक्ष्मी उल्टियां कर रही थी। परिजन ने उसे उल्टी करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि गेहूं कीड़े मारने वाली गोली खा ली है। परिजन उसे भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां रात करीब दो बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी थी। शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

**मेट्रो एंकर** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित राम नगर घाटखेड़ी रोड पर हुआ हादसा

# दुर्घटना: ट्रैक्टर पलटने से दबा किसान, मौके पर ही हो गई दर्दनाक मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित राम नगर घाटखेड़ी रोड पर शुक्रवार शाम ट्रैक्टर पलटने से किसान दब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किसान को ट्रैक्टर हटाकर बाहर निकाला था, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। अनुमान है कि किसी मवेशी के सामने आने और उसे बचाने के प्रयास में हादसा हुआ है।**

एसआई प्रदीप जायसवाल ने बताया कि मथुरा प्रसाद सेन पिता जगन्नाथ (45) चौपड़ा कला, सूखीसेवनिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। कल शुक्रवार शाम वह खेत पर ट्रैक्टर लेकर गएड़थे। खेत पर बोवनी का काम चल रहा हैं। वे काम कर घर लौट रहे थे, तभी शाम करीब सात बजे के आसपास राम नगर घाटखेड़ी रोड पर उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से वे ट्रैक्टर के नीचे दब गएड़थे। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी डायल 100 को दी और थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने क्रेन को बुलाया, लेकिन क्रेन को आने में समय लग रहाड़था। लिहाजा पुलिस ने ही ग्रामीणों के साथ कमान संभाली और ट्रैक्टर के नीचे फंसे मथुरा प्रसाद को बाहर निकालाड़था। बाहर निकालने पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है।



### हादसा होते किसी ने नहीं देखा

पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि हादसा होने के बाद कुछ लोगों की नजर पड़ी थी। हादसा होते समय किसी ने नहीं देखा है। ट्रैक्टर सड़क पर चल रहाड़था और एकाएक खेत में जाकर पलट गया। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रैक्टर सड़क पर किसी मवेशी को बचाने के प्रयास में खेत में जाकर पलट गया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022